53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24

न्यूनतम 24.9°c अधिकतम 28.0 °c

Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:55, सूर्यास्त - 6:43 | वर्ष : 53/अंक : 239 | शनिवार, 30 अगस्त 2025 | भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, सप्तमी | सम्वत् 2082 | मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

मनुष्य को उसके क्रोध की सजा नहीं मिलेगी, पर उसका क्रोध ही उसे सजा देगा।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

संभल में डेमोग्राफी बदलने के लिए सपा-कांग्रेस ने साजिश रची : योगी



चोट जनता के दिल को पहुंचा कर.... कोई भी दल सुखी नहीं रहता......

## कितनी महंगी होंगी महिलाओं की पाजेब....?, सोना-चांदी खाली कर रहे हैं आम जनता की जेब

**मुजफ्फरनगर, 29 अगस्त (बु.)।** यूं तो सोने-चांदी की महंगाई अंतर्राष्ट्रीय बाजार तय करते हैं, मगर जिस तरह से भारत में सोना और चांदी की महंगाई में आग लग रही है। इससे यह तस्वीर साफ हुई है कि सरकार किसी भी तरह महंगाई पर नियंत्रण पाने में नाकाम साबित हुई है। फिर चाहे डीजल-पेट्रोल की बात ही क्यों ना हो या फिर दाल, सब्जी की रोजमर्रा की चीजें। 2014 से लेकर आज तक लगातार महंगी ही होती चली आ रही हैं। सोने-चांदी ने तो ऐसे रिकॉर्ड बनाये हैं, जो शायद किसी सरकार में ना बने हों। सोने के गहनों की बात तो छोड़ो आज चांदी की पाजेब खरीदना भी नामुकिन हो चला है, मगर ना कोई कहने-सुनने वाला है ना आम ग्राहक इस ओर आवाज उठाता दिखाई पड़ रहा है। महंगाई होते-होते जहां महिलाएं 400-400 ग्राम की पाजेब पहना करती थी, आज वही पाजेब 40 ग्राम पर आ चुकी है, क्योंकि चांदी का आज तक का भाव 1,20,925/- ही चला रहा है। सरकार और जनता को याद दिला दें कि 2014 में भारत में 1 किलो चांदी का औसत भाव लगभग ₹43,070 था। ऐसे में अंदाजा लगा, लीजिये कि देश में सोने चांदी की महंगाई किस ओर जा रही है। आपने भी एक फिल्म का गाना सुना होगा कि 'सोने पे छाई महंगाई, मैं चांदी ले आया' मगर अब पुरुषों को यही चांदी महंगी लगने लगी है, तो अब शायद कोई नया गाना इजाद करना पड़ेगा कि 'चांदी पे भी छाई महंगाई, तो मैं गिलेट की पाजेब ले आया'। आपको बता दें कि महिलाओं को सर्वाधिक प्रिय अपने गहने ही होते हैं। बाकी सब चीज से समझौता महिलाएं कर लेती हैं, मगर जो गहना पसंद आये वही लेती हैं। ऐसे में आने वाले त्यौहारों में चाहे वह करवाचौथ हो या दिवाली का पावन पर्व हो, गहनों की बिक्री में गिरावट खुद व खुद देखने को मिलेगी और पति अपनी जेब को बचाने के लिये महिलाओं को आर्टीफिशियल ज्वैलरी या कपड़े, पर्स आदी पर ही खरीददारी के लिये तैयार कराते दिखाई देंगे, फिर चाहे दो दिन की रोटी मिले ना मिले या पतियों को बाजार से रोटी मंगानी पड़े। मगर सोने की, चांदी की महगाई की मार से बाजार से दो वक्त की रोटी मंगाना सस्ता पड़ेगा। हो सकता है अंतर्राष्ट्रीय बाजार में सोना-चांदी के रेटों में कुछ सुधार त्यौहारों तक आ जाये और सोना-चांदी में मचा हा-हाकार थम जाये, मगर अभी तक तो सिर्फ पत्नियों के गिफ्ट ही नहीं बेटियों के दहेज के बजट पर भी यह मार जमकर होती दिखाई पड़ रही है। गरीबी के आलम में भी लोग अपनी बेटियों को विदा करते समय 20 से 25 तोले सोना दे दिया करते थे। घटते-घटते 2020 तक यह दौर मध्यम वर्ग में भी 15 तोले तक देने का आया, लेकिन अब 2025 आते-आते मध्यम वर्ग के पिता अपनी बेटियों को 10 से 12 तोले ही दे पा रहे हैं। क्योंकि आज 12 तोले सोने की कीमत 12 लाख से भी अधिक हो चुकी है। सोने का आज का भाव 1 लाख 5 हजार के इर्द-गिर्द चल रहा है। राम ही जाने कि इस सरकार सोने और चांदी की महंगाई कहां जाकर रुकेगी। 2014 में महंगाई के गीत गाकर सत्ता पर काबिज होने वाली सरकार आज महंगाई की तरफ झांककर देखने को तैयार नहीं है। शायद भारत का नागरिक कोई ऐसा उदाहरण दे पाये कि खाने की रोटी से लेकर पहनने के सोने चांदी के गहनों तक कौन सी वस्तु इस सरकार में सस्ती हुई है। आज की बात सिर्फ सोने चांदी की है, इसके अलावा दूध के रेट भी 2014 के बता दिये जायें तो शायद सरकार पर कोई जवाब ना होगा। क्योंकि सोने-चांदी का जवाब तो यह है कि इसके भाव तो अंतर्राष्ट्रीय बाजार से तय होते हैं, मगर क्या दूध, रोटी, कपड़ा, जूता, मकान के भाव भी अब अंतर्राष्ट्रीय बाजार तय करने लगा है। क्या सरकार इस बात का जबाव 2029 आने तक दे पाएगी या फिर सिर्फ हिदुत्व के नाम पर सरकार 29 में दोबारा सत्ता पाएगी।



**1,20,925/-**
**रुपये प्रति किलो रही चांदी**

## सिटी सेंटर के सामने वाली गली में खोला अनैतिक द्वार, नोटिस चस्पा किया एमडीए ने रौब गालिब किया जा रहा मीडिया पर

**मुजफ्फरनगर, 29 अगस्त (बु.)।** अनैतिक कार्य करने वालों के हौसले इतने बुलंद हो चले हैं कि जिस समय ये लोग अनैतिक कार्य करते हैं तब तो अपनी सीनाजोरी करते ही हैं, मगर अनैतिक कार्य के खुलासे के बाद भी योगी शासन में इनके हौसले बखूबी बुलंद हैं। हाल ही में सिटी सेंटर के सामने गली में अनैतिक रूप से बिना एमडीए की अनुमति के तीन अनैतिक द्वार शटर लगाकर खोल दिये गए थे, जिनमें से दो शटर पिछले कुछ महीने में ही खोले गए थे, जबकि एक शटर को लगभग तीन साल पहले खोला जा चुका है। उक्त मामले की शिकायत एमडीए में जाने के बाद मुजफ्फरनगर बुलेटिन द्वारा उक्त समाचार प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था, जिसका संज्ञान लेने पर एमडीए ने कार्यवाही करते हुए दो शटरों पर अपने नोटिस चस्पा करते हुए जवाब मांगा कि आखिर किस आधार पर यह शटर राह चलती गली के अंदर खुद ब खुद खोल दिये गए। अभी तक अनैतिक शटर खोलने वालों पर कोई जवाब तो बना नहीं मगर चोरी और सीना जोरी दिखाते हुए मीडिया पर रौब गालिब करने की कोशिश की जा रही है। मीडिया को यह बताने की कोशिश की जा रही है कि अनैतिक कार्य करने वालों के सम्बंध बॉम्बे तक हैं। अब बॉम्बे कौन से गुंडे बदमाशों से इनके सम्बंध हैं यह तस्वीर तो मीडिया द्वारा थाने में एक मुकदमा दर्ज होते ही सामने आ जाएगी, फिलहाल मीडिया ने उन्हें अपना जवाब एमडीए को देने की सलाह दी है कि जिस विभाग ने नोटिस चस्पा किया है, उन पर ही रौब गालिब करें और उन्हें ही इस बात का जवाब दें कि आखिर किसकी इजाजत से उक्त तीनों शटर खोले गए हैं। खीज यह है कि अभी दो शटर पर नोटिस लगे हैं, जबकि तीसरे दुकानदार से जवाब मांगा गया है। हर हाल में तीसरे दुकानदार को भी जवाब देना ही होगा, मगर फिलहाल मगर अनैतिक शटर खोलने वाले अपने आपको एमडीए के सामने दमदार समझ रहे हैं और सोच रहे हैं कि जैसे कैसे हम इन शटरों को खोले ही रखेंगे। अब देखना यह होगा कि एमडीए इस मामले में क्या निर्णय लेता है।



## जयंत चौधरी को ज्ञापन सौंपने जा रहे दो दर्जन किसानों को शाहपुर में हिरासत में लिया गया

### ▶▶ पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को नजर बंद करने का लगाया आरोप

**शाहपुर, 29 अगस्त (बु.)।** रालोद सुप्रीमो व केंद्रीयं मंत्री चौधरी जयंत सिंह को गांव सावटू में ज्ञापन देने जा रहे करीब दो दर्जन से अधिक भाकियू अराजनैतिक के कार्यकर्ताओं को पुलिस ने मंसूरपुर तिराहे पर रोककर हिरासत में ले लिया। कस्बे के मंसूरपुर तिराहे पर शुक्रवार की सुबह करीब 11:00 बजे भाकियू अराजनैतिक के दर्जनों कार्यकर्ता तहसील अध्यक्ष सुभाष मलिक व बुढ़ाना ब्लाक अध्यक्ष पिंटू ठाकुर के नेतृत्व में एकत्रित हुए और वह गांव सावटू में स्टेडियम का लोकार्पण करने आ रहे रालोद सुप्रीमो व केंद्रीय मंत्री चौधरी जयंत सिंह को ज्ञापन देने के लिए रवाना हुए, तो पुलिस ने उन्हें रोक दिया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी की और आगे बढ़ने का प्रयास किया, जिसके बाद पुलिस ने करीब दो दर्जन से अधिक कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेकर थाने आ गई। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने बताया कि किसानों के लिए आने वाले सब्सिडी वाले यूरिया को जनपद की कई फैक्ट्री में इस्तेमाल किया जा रहा है, जबकि किसान यूरिया को लेकर परेशान है। इसके अलावा किसानों की बात करने वाले पूर्व राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के स्वास्थ्य और उनके निवास स्थान को लेकर भारत सरकार सार्वजनिक जानकारी नहीं दे रही है, जो गलत है। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि सरकार ने पूर्व उपराष्ट्रपति को नजरबंद कर रखा है। इसके अलावा उनके परिवार का कोई भी सदस्य सार्वजनिक रूप से सामने नहीं आया है, जिससे देश की जनता में सवाल उठ रहे हैं। कार्यकर्ताओं ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में इस तरह की गोपनीयता जनता के साथ अन्याय है। सरकार को तत्काल पूर्व उपराष्ट्रपति की स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। भाकियू अराजनैतिक के कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों को नजर अंदाज किया गया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। करीब तीन घंटे की हिरासत में रखने के बाद पुलिस ने सभी कार्यकर्ताओं को रिहा कर दिया। पुलिस हिरासत में संगठन के जिला उपाध्यक्ष नौशाद राणा, युवा जिलाध्यक्ष अरशद खान, संजय बिराल, आदित्य बालियान, वसीम खान, गय्यूर राणा, अमित कुमार, रामपाल सिंह व बिल्लू मलिक आदि शामिल रहे।



## लगातार दो घंटे की बारिश का कहर, डूबा पूरा शहर





**मुजफ्फरनगर, 29 अगस्त (बु.)।** शुक्रवार को दिन निकलते ही तड़ातड़ बारिश ने सबको चौंका दिया। लोगों को लगा कि यह बारिश कुछ देर होगी और फिर बंद हो जाएगी। मगर बारिश का रौद्र रूप देखकर सब हैरत में पड़ गए और कुछ मिनटों के लिए दुआएं करने लगे कि अब तो रुक जाओ इन्द्रदेव, क्योंकि एक जैसी तेज गति से लगभग दो घंटे तक बारिश पड़ना कहीं न कहीं नुकसानदेह लगने लगा था। इस बारिश में जहां एक ओर शहर में हर बार की तरह जलभराव तो हुआ ही, इसी के साथ साथ लोगों के लैंटर तक चूने लगे। यदि यह बारिश रुक-रुककर होती तो शायद किसी का कोई नुकसान न होता मगर दो घंटे पड़ी झमाझम बारिश ने घुटनों तक नहीं बल्कि कमर तक पानी आने पर मजबूर कर दिया। शहर की गोल मार्किट में सीढियां बनी होने के बावजूद भी पानी उन सीढ़ियों को भी लांघ गया और दुकानदारों की दुकानों के शटरों में जा घुसा। एसडी मार्किट जैसी मार्किट में तो पहले से ही जलभराव होता है, इसलिए वहां के दुकानदारों ने काफी हद तक अपना सामान बारिश के खतरे के चलते ऊंचे स्टूलों, काउंटरों पर रखा हुआ था इसलिए काफी हद तक नुकसान से बचा जा सका। मगर कई अन्य मार्किटों में कपड़े, इलेक्ट्रोनिक सामान, जूते आदि का नुकसान साफ तौर पर होता देखा गया। हालांकि बारिश के मिलीमीटर की बात करें तो यह बारिश मिलीमीटर में पहले से बेशक अधिक नहीं थी, मगर लगातार हुई बारिश ने दोपहर 12 बजे तक पूरा जनजीवन अस्त व्यस्त रखा। 11:30 बजे तक लोग अपनी ऑफिसों और दुकानों पर पहुंचे। पूरा दिन बाजार में सन्नाटा छाया रहा।

शुक्रवार की बारिश 101.8 एमएम दर्ज की गयी जबकि इससे पूर्व 130 व 121 एमएम बारिश हो चुकी है। मगर वह बारिश दो घंटे तक लगातार नहीं पड़ी, इसलिए आज की बारिश का कहर ज्यादा नुकसानदायक दिखाई पड़ा। दो अलग अलग स्थानों ने नुकसान ही सूचना भी मिली। जहां एक ओर जानसठ रोड स्थित एसकेबी आरोग्यम हॉस्पिटल में बाढ़ जैसा नजारा देखने को मिला वहीं दूसरी ओर जौली रोड स्थित एक खाद फैक्ट्री में टीन टप्पर गिर जाने से नुकसान की सूचना सामने आई। पहली बारिश की तरह ही लोग घरों व दुकानों से बाल्टी, वायपर, झाडू लेकर पानी बाहर निकालते दिखाई दिये। आज की बारिश में कोई नेता जनता का दुख दर्द बांटने के लिए सड़क पर नहीं आ पाया। हालांकि अब दोबारा ऐसी बारिश होने की उम्मीद नहीं है, मगर खुदा न खास्ता यदि ऐसी बारिश दोबारा हुई तो वास्तव में नेताओं के प्रति एक बार शहर में हा-हाकार मचता जरूर दिखाई देगा।

### ऊंची-ऊंची दुकानों में भी जा घुसा इस बार की जिद्दी बारिश का पानी

**मुजफ्फरनगर, 29 अगस्त (बु.)।** शुक्रवार को भारी बारिश ने मुजफ्फरनगर में जन-जीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। इस दौरान शहर के कई मार्किट पानी में डूबी दिखी। गोल मार्केट भी इस मूसलाधार बारिश से अछूता नहीं रहा। यह पहली बार देखा गया है कि अपनी ऊंचाई के लिए जानी जाने वाली गोल मार्केट भी बारिश के पानी की चपेट में आ गई। गोल मार्केट, जो अपनी वास्तुकला और ऊंचाई के कारण आमतौर पर बाढ़ से सुरक्षित रहता है, इस बार जलमग्न हो गया। मार्केट के चारों ओर पानी भर गया और दुकानों के अंदर तक पानी घुस गया, जिससे दुकानदारों को नुकसान का सामना करना पड़ा। एसडी मार्केट के दुकानदारों ने भी अपनी दुकानों में भरे पानी को निकालने के लिए कई घंटों तक मशक्कत की। समय से जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई। स्थानीय दुकानदारों ने आरोप लगाया है कि हर साल मानसून से पहले नालों की सफाई नहीं की गई, गोल मार्किट के चारों ओर वर्ष 2016 में नए नाले का निर्माण किया गया था, लेकिन उसके बाद से आज तक भी इन नालों की सफाई नहीं की गई है। सफाई बड़े नालों की हुई है। स्थानीय व्यापारियों ने दावा किया है कि यहां के नालों की सफाई अगर हो जाए तो शिव चौक पर पानी का ठहराव लगभग लगभग समाप्त हो जाएगा। इस दौरान मार्किट में अपनी अपनी दुकान की व्यवस्था बनाने में जुटे व्यापारी शिशुकांत गर्ग एडवोकेट, आशु शर्मा, अमित, चांद, राजकुमार और वरदान आदि व्यापारी ने अपनी बात बुलेटिन से साझा की।

## मात्र 4400 रुपए के लिये रची इतनी बड़ी साजिश, अब जेल में कटेंगे दिन

**मुजफ्फरनगर, 29 अगस्त (बु)।** मोबाइल नम्बर को पोर्ट कराकर किसान के बैंक खाते से पैसे निकालने वाले आरोपी को साइबर क्राइम थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से मोबाइल बरामद किया गया है। गिरफ्तार आरोपी बिजली विभाग में संविदा कर्मचारी है। चरथावल क्षेत्र के हसनपुर लुहारी में रहने वाले किसान जहान सिंह ने अपने बैंक खाते से रुपये गायब होने की शिकायत साइबर क्राइम थाने पर की। साइबर क्राइम थाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी सुल्तान सिंह ने बताया कि जांच में सामने आया कि दीपक निवासी तलाही चंदनपुरी थाना झिंझाना शामली का नाम प्रकाश में आया। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी दीपक बिजली विभाग में संविदा कर्मचारी है। जांच में सामने आया कि वह चरथावल में स्थित जन सुविधा केन्द्र पर मौजूद था, तभी वहां किसान जहान सिंह आया और दीपक से मोबाइल में बिल चेक करने की बात कही। आरोपी ने उसका मोबाइल लेकर फोन से 1900 पर सिम पोर्ट का मैसेज भेज दिया और ओटीपी अपने फोन में ले लिया। साथ ही धोखे से किसान का आधार कार्ड नम्बर भी ले लिया। कुछ समय पश्चात किसान का सिम ब्लॉक हो गया। आरोपी ने अपने दोस्त मासूम के पते पर उसी नम्बर का दूसरा सिम ले लिया, उसके बाद आरोपी ने आधार कार्ड नम्बर होने की वजह से यूपीआई आईडी जनरेट कर ली। उसके बाद धोखाधड़ी कर किसान के बैंक खाते से 4400 रुपए निकालकर अपने चचेरे भाई रविंद्र के खाते में डलवा दिए। जांच के बाद आरोपी दीपक को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने उसके पास से मोबाइल व पोर्ट किया हुआ सिम बरामद कर लिया है।



### हिंडन नदी में महिला के कूदने की सूचना से मचा हड़कंप, तलाश जारी

**मुजफ्फरनगर, 29 अगस्त (बु.)।** तितावी थाना क्षेत्र के गांव नूना खेड़ा में आज उस समय हड़कंप मच गया, जब एक महिला के अचानक हिंडन नदी में छलांग लगाने की सूचना क्षेत्र में फैली। महिला की पहचान निशा, पत्नी राजू, निवासी नूना खेड़ा के रूप में होना बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि महिला ने अचानक नदी में छलांग लगा दी, जिसके बाद वह गहरे पानी में डूब गई। इस घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने तुरंत महिला की तलाश शुरू की। घटना की सूचना मिलते ही तितावी थाना प्रभारी पवन चौधरी भी अपनी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच-पड़ताल में जुट गए। पुलिस और ग्रामीणों द्वारा संयुक्त रूप से महिला की तलाश जारी है। फिलहाल, महिला का कोई पता नहीं चल पाया है। इस घटना से पूरे गांव में सनसनी फैल गई है।

## बीजेपी ने किया कांग्रेस कार्यालय के सामने प्रदर्शन, पुलिस ने किया लाठीचार्ज

### ▶▶ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को गाली देने के मामले में बड़ा एक्शन, दरभंगा से दबोचा गया 'गालीबाज' रिजवी

**दरभंगा, 29 अगस्त (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री को गाली देने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक, सिंहवाड़ा थाना क्षेत्र के भोपुरा गांव का रहने वाला रिजवी उर्फ राजा नाम के शख्स ने कांग्रेस के मंच से प्रधानमंत्री को गाली दी थी। यह मामला सिमरी थाना क्षेत्र के बिठौली चौक का है। घटना के बाद सिमरी थाना में कांड संख्या 243/25 दर्ज की गई थी। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत कार्रवाई शुरू की और देर रात आरोपी रिजवी उर्फ राजा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। इस घटना के बाद इलाके में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। जहां एक ओर विपक्षी मंच से दिए गए इस बयान को लेकर चर्चाएं जोरों पर हैं, वहीं दूसरी ओर पुलिस की तत्परता को लेकर भी लोग तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि कानून से ऊपर कोई नहीं है, चाहे वह किसी राजनीतिक दल से जुड़ा हो या आम नागरिक। इस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

सीएम नीतीश कुमार ने भी इस मामले की आलोचना की है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा है, 'दरभंगा में वोटर अधिकार यात्रा के दौरान कांग्रेस और राजद के मंच से माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी और उनकी स्व. माता जी के विरूद्ध जिस प्रकार की अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया है, वह अत्यंत अशोभनीय है और मैं इसकी निंदा करता हूं। बता दें कि बुधवार को दरभंगा में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा के दौरान बड़ा विवाद खड़ा हो गया। इस यात्रा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर आपत्तिजनक और अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया गया। जानकारी के मुताबिक यात्रा में शामिल कुछ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने न सिर्फ मोदी विरोधी नारे लगाए, बल्कि अपशब्दों का भी प्रयोग किया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। बीजेपी कार्यकर्ता कांग्रेस ऑफिस के बाहर प्रदर्शन के लिए पहुंचे थे। वो राहुल गांधी के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। थोड़ी देर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भी नारेबाजी शुरू कर दी। देखते ही देखते दोनों पार्टी के लोग आपस में भिड़ गए। दोनों के बीच लाठी-डंडे और ईंट-पत्थर चले। कई गाड़ियों में भी तोडफोड़ की गई है। बवाल के बाद पुलिस ने बीजेपी कार्यकर्ताओं को वहां से खदेड़ा। इसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ता जमीन पर बैठकर प्रदर्शन करने लगे। 30 मिनट चले प्रदर्शन के बाद पुलिस ने सभी कांग्रेसियों को सड़क से हटाकर जाम खुलवाया। इस मामले में मुजफ्फरपुर में जिला कांग्रेस कार्यालय (तिलक मैदान रोड) का घेराव किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस और इंडी गठबंधन नेताओं के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।



## मोबाइल लूटने के दो आरोपी गिरफ्तार



**मुजफ्फरनगर, 29 अगस्त (बु)।** थाना सिविल लाइन पुलिस ने रुड़की रोड पर युवक से मोबाइल लुटने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों से वारदात में प्रयुक्त बाइक भी बरामद की है। थाना प्रभारी सिविल लाइन आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि दो दिन पूर्व रुड़की रोड पर स्थित कलावती नर्सिंग होम के सामने एक युवक से बाइक सवार बदमाशों ने मोबाइल लूट लिया था। पुलिस ने सूचना मिलने पर बदमाशों की तलाश की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर बदमाशों की तलाश में 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों में बदमाश की तलाश की। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे के आधार पर बदमाश मो. अनस निवास गढ़ी हसनुपर थाना झिंझाना शामली व अलताफ निवासी हसनपुर लुहारी थाना भवन शामली को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से लूटा गया मोबाइल व घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की है।

## गृहमंत्री को लेकर टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा के विवादित बोल

# शाह का सिर काटकर टेबल पर रख देना चाहिए



**कोलकत्ता, 29 अगस्त (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा ने गृह मंत्री अमित शाह पर विवादित बयान दिया है। उन्होंने शुक्रवार को नादिया जिले में घुसपैठ मुद्दे पर कहा कि सीमा सुरक्षा की जिम्मेदारी गृह मंत्रालय की होती है। अगर घुसपैठ हो रही है, तो अमित शाह का सिर काटकर टेबल पर रख देना चाहिए। बंगाल भाजपा ने उनके बयान से जुड़ा एक वीडियो भी एक्स पर शेयर किया। वहीं, दूसरी पोस्ट में भाजपा ने लिखा- जब महुआ गृह मंत्री का सिर काटने की बात करती हैं, तो यह टीएमसी की हताशा और हिंसा की संस्कृति को उजागर करता है, जो बंगाल की छवि को धूमिल कर रही है और राज्य को पीछे धकेल रही है। इस मामले में महुआ के खिलाफ नादिया जिले के कृष्णानगर के कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। यह शिकायत स्थानीय निवासी संदीप मजूमदार ने दर्ज कराई है। मीडिया से बात करते हुए तृणमूल सांसद ने कहा- मेरा उनसे (अमित शाह) साफ सवाल है। वह सिर्फ कहे जा रहे हैं घुसपैठिया... घुसपैठिया... घुसपैठिया। हमारा जो बॉर्डर है, उसकी रखवाली जो एजेंसी कर रही है, वह केंद्रीय गृह मंत्रालय के तहत आती है। प्रधानमंत्री ने 15 अगस्त को लाल किले से कहा कि घुसपैठ हो रही है और उसकी वजह से डेमोग्राफी चेंज हो रही है। तृणमूल सांसद ने कहा, 'अगर गृह मंत्री और गृह मंत्रालय भारतीय सीमाओं की रक्षा नहीं कर सकते और प्रधानमंत्री खुद बोल रहे हैं कि बाहर से आकर लोग हमारी मां-बहनों पर नजर डाल रहे हैं, हमारी जमीनें छीन रहे हैं तो फिर ये गलती किसकी है? हमारी और आपकी गलती है। यहां तो बीएसएफ है, हम भी उनसे डरकर रहते हैं। बांग्लादेश हमारा दोस्त है, लेकिन आपकी वजह से पिछले कई सालों में ये स्थिति बदल चुकी है।'

# चंद्रयान-5 को लेकर जापान के साथ भारत का बड़ा समझौता

## - दोनों देशों के बीच हुआ एमओयू साइन



**टोक्यो, 29 अगस्त (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री मोदी शुक्रवार को 2 दिन के जापान दौरे पर पहुंचे हैं। इस दौरान उन्होंने टोक्यो में आयोजित 15वें भारत-जापान समिट में हिस्सा लिया। समिट में मोदी और जापानी पीएम इशिबा की मौजूदगी में कई एमओयू एक्सचेंज किए गए। भारत-जापान के बीच चंद्रयान-5 मिशन को लेकर एक अहम समझौते पर हस्ताक्षर हुए हैं। यह मिशन दोनों देशों की अंतरिक्ष एजेंसियों, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन और जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी का जॉइंट ऑपरेशन होगा। इसमें दोनों मिलकर चांद के दक्षिणी ध्रुव की स्टडी करेंगे समिट में इशिबा ने भारत में अगले 10 सालों में 10 ट्रिलियन येन निवेश करने की बात कही है। वहीं, मोदी ने अगले भारत-जापान समिट के लिए इशिबा को भारत आने का न्योता भी दिया। आपको बता दें कि भारत और जापान ने शनिवार को चंद्रयान-5 मिशन को लेकर एक अहम समझौते पर हस्ताक्षर किए। यह मिशन दोनों देशों की अंतरिक्ष एजेंसियों, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन और जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी का जॉइंट ऑपरेशन होगा। इसके तहत चंद्रमा के ध्रुवीय इलाकों में रिसर्च की जाएगी।

चंद्रयान-5 मिशन का मुख्य लक्ष्य चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के उस हिस्से की जांच करना है, जो हमेशा छाया में रहता है। वैज्ञानिकों का मानना है कि वहां पानी की बर्फ और अन्य वाष्पशील पदार्थ मौजूद हो सकते हैं। इस मिशन से चंद्रमा पर जीवन और संसाधनों की संभावना को बेहतर ढंग से समझने में मदद मिलेगी। समझौते के मुताबिक, जैक्सा अपने एच3-24एल रॉकेट से इस मिशन को लॉन्च करेगा। यह रॉकेट इसरो के चंद्र लैंडर को लेकर जाएगा। इस लैंडर के अंदर जापान द्वारा निर्मित चंद्र रोवर होगा।

लैंडर बनाने के अलावा इसरो कुछ खास वैज्ञानिक उपकरण भी तैयार करेगा, जिनसे चंद्रमा के ध्रुवीय इलाके में जमा पदार्थों की जांच की जाएगी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उन्हें खुशी है कि भारत और जापान अब चंद्रयान-5 या लूपेक्स मिशन पर मिलकर काम कर रहे हैं। उनके मुताबिक, यह सहयोग चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के छायांकित क्षेत्रों को और गहराई से समझने का मौका देगा।

# सुबह टोक्यो में पीएम मोदी बोले- भारत बनने जा रहा तीसरी सबसे बड़ी इकोनोमी, शाम को जीडीपी ने दे दिया सिग्नल

## - 2047 तक विकसित देश बनने का लक्ष्य



### पहली तिमाही में 7.8% की जीडीपी ग्रोथ

पीएम मोदी के इस बयान के कुछ ही घंटे बाद नेशनल स्टैटिस्टिक्स ऑफिस की तरफ से अप्रैल-जून तिमाही के आंकड़े सामने आए. इनमें बताया गया कि इस अवधि में भारत की जीडीपी ग्रोथ 7.8% रहने का अनुमान है।

ये कितना अहम है, ये इससे समझ सकते हैं कि पिछली 5 तिमाहियों में भारत ने सबसे तेज आर्थिक वृद्धि हासिल की है। इसमें कृषि, मैन्यूफैक्चरिंग, निर्माण और सर्विस सेक्टर की मजबूती का योगदान रहा है।

### चीन-अमेरिका से भी तेज भारत की ग्रोथ

विश्व बैंक ने इस साल की शुरूआत में कहा था कि भारत को 2047 तक विकसित देश बनने के लिए अगले 22 वर्षों तक औसतन 7.8 प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि दर हासिल करने की जरूरत होगी। इस लिहाज से भारत की शुरूआत धमाकेदार रही है। भारत की इकोनमी कितनी मजबूत है, इसका अंदाजा इससे लगाएं कि 30 जून को खत्म हुई तिमाही में चीन की जीडीपी 5.3 प्रतिशत और अमेरिका की महज 3.3 फीसदी रही है. ये आंकड़े ट्रंप को दिखाने के लिए काफी हैं कि भारत एक डेड इकोनमी नहीं है।

### अमेरिका को भी पछाड़ सकता है भारत

अन्र्स्ट एंड यंग की एक रिपोर्ट बताती है कि भारत दुनिया की 5 सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे गतिशील इकोनमी में से एक के रूप में उभर रहा है।

यही रफ्तार कायम रही तो भारत 2038 तक दूसरी सबसे बड़ी इकोनमी बन सकता है और अर्थव्यवस्था का आकार 34.2 खरब डॉलर हो जाएगा। एक रिपोर्ट में तो ये भी कहा गया है कि परचेजिंग पावर पैरिटी के मामले में भारत 2040 से बहुत पहले ही अमेरिका से भी आगे निकल सकता है।

### मोदी सरकार ने बदली आर्थिक तस्वीर

मोदी सरकार के 11 साल के शासन में भारतीय अर्थव्यवस्था ने कायापलट देखा है। 2013 में भारत को डांवाडोल अर्थव्यवस्था की कैटिगरी में रखा गया था।

इसका मतलब था कि भारत की अर्थव्यवस्था अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रही। सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की लिस्ट में भारत 2013-14 में 11वें पायदान पर था, जो अब चौथे नंबर पर आ चुका है। एक दशक में भारत ने अर्थव्यवस्था के आकार के मामले में बहुत से देशों को पीछे छोड़ा है।

**नई दिल्ली, 29 अगस्त (एजेंसी)।** भारत को 'डेड इकोनमी' बताकर टैरिफ बम फोड़ने वाले ट्रंप को अर्थव्यवस्था के आंकड़ों ने तगड़ा जवाब दिया है। इस साल की पहली तिमाही में भारत की जीडीपी ग्रोथ सारे अनुमानों को ध्वस्त करते हुए 7.8 पर्सेंट पर पहुंच गई है। भारत ने दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था का खिताब कायम रखा है। दिलचस्प यह है कि इसके कुछ घंटे पहले ही पीएम मोदी ने जापान से दुनिया को तीसरी सबसे बड़ी इकोनमी बनने की तरफ तेजी से बढ़ रहे भारत की आर्थिक मजबूती की झलक दिखाई थी। पीएम मोदी ने इंडिया-जापान इकोनॉमिक फोरम में कहा था कि दुनिया न सिर्फ भारत पर नजर रख रही है बल्कि देश पर भरोसा भी कर रही है, क्योंकि भारत जल्द ही तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की तरफ बढ़ रहा है। उन्होंने कहा था कि पिछले 11 वर्षों में भारत में हुए विकास और परिवर्तन की कहानी आप सभी जानते हैं। भारत में राजनीतिक-आर्थिक स्थिरता और नीतियों में पारदर्शिता है। आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है, और बहुत जल्द यह दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। मोदी सरकार ने भारत को 2047 तक विकसित देश बनाने का टारगेट रखा है। देश की आर्थिक तस्वीर बताती है कि हम इस तरफ तेजी से बढ़ रहे हैं। भारत पहले ही जापान को पछाड़कर चौथी सबसे बड़ी इकोनमी बन चुका है। अनुमान है कि भारत 2028 तक तीसरे पायदान पर पहुंच सकता है। कुछ विशेषज्ञ मानते हैं कि भारत इससे पहले ही यह मुकाम हासिल कर सकता है।

# रास्ते में भरे पानी के विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट, दोनों पक्षों के 6 घायल





**चरथावल, 29 अगस्त (बु.)।** ग्राम कुटेसरा में रास्ते में भरे पानी विवाद को लेकर दो पक्षों में गाली-गलौच के साथ खूब लाठी-डंडे व धारदार हथियार चले। दोनों पक्षों के चार महिलाओं सहित 6 लोग घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी भिजवाया। चरथावल थाना क्षेत्र के ग्राम कुटेसरा में रास्ते में भरे पानी को लेकर दो पक्षों मारूफ व सिराज के बीच में विवाद हो गया। विवाद को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी के बाद जमकर लाठी-डंडे चले। मारपीट में मारूफ पक्ष से हारून व सायरा बानो पत्नी महरूफ तथा सिराज पक्ष से अकरम पुत्र सिराज, महक पत्नी इकराम, शबनम पत्नी इकराम, साजिदा घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। थाना प्रभारी जसवीर सिंह का कहना है कि रास्ते में पानी भरने को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हुआ था, लेकिन अभी तक किसी भी पक्ष से तहरीर नहीं आई है।

# लायंस क्लब मुजफ्फरनगर उन्नति ने मनाया गणपति उत्सव



**मुजफ्फरनगर, 29 अगस्त (बुस.)।** लायंस क्लब मुजफ्फरनगर उन्नति द्वारा गणपति उत्सव का भव्य आयोजन ग्रांड रेडिएंट इन में उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस वर्ष कार्यक्रम की थीम महाराष्ट्रियन / मराठी रखी गई, जिसमें सभी सदस्य पारंपरिक परिधानों में सजधज कर पहुंचे। महिलाएं रंगबिरंगी साड़ियों में और पुरुष लाल-हरे पीले कुर्ता-पायजामे में नजर आए। कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना से हुई, जिसके पश्चात क्लब अध्यक्ष लायन अमित मित्तल ने सभी गणपति उत्सव की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संयोजन लायन वन्दना मित्तल और लायनेड खुशबू गोयल के निर्देशन में हुआ, जिसमें लायन सचिन गोयल का भी सहयोग रहा। बाल कलाकार द्वारा गणेश स्तुति प्रस्तुत की, जिसने सभी सदस्यों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में लायन और लायनेड सदस्यों ने धार्मिक गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किए और मनोरंजक प्रतियोगिताओं एवं गेम्स का भी भरपूर आनंद लिया। ये जानकारी क्लब के मीडिया चेयरमैन एवं डिप्टी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन अनिल कंसल ने दी। उत्सव में डिस्ट्रिक्ट कैबिनेट एम्बेसडर सीए लायन अजय अग्रवाल, डिस्ट्रिक्ट ऑफिसर लायन रीना अग्रवाल, जोन चेयरमैन सीए लायन मनीष बंसल, पूर्व रीजन चेयरमैन लायन अतुल ऐरन व तनुजा ऐरन, लायनेड सुनीता कंसल, पूर्व अध्यक्ष उद्योगपति लायन अमित गर्ग, लायन शिवांगी गर्ग, अनुभव कंसल, पूर्व अध्यक्ष लायन निखिल मित्तल, लायनेड शालू मित्तल, लायन प्रतिभा बंसल, लायन मनीष जैन व अर्चना जैन, लायन डॉ. प्रवेश, अनुपमा कर्णवाल, लायन मुकुल गोयल, नीतू गोयल, लायन राजेश मित्तल अनुराधा मित्तल, लायन राजीव माहेश्वरी, हेमलता माहेश्वरी, लायन रोहित सिंघल,पूजा सिंघल,लायन सचिन गोयल व खुशबू गोयल, लायन आदित्य भरतिया,लायनेड अनुश्री भरतिया, लायन आलोक गुप्ता, लायन रेणु गुप्ता, लायन पंकज अग्रवाल, लायन रुमा अग्रवाल, लायन अनुज मित्तल एवं रूचि मित्तल सचिव लायन नितिन गोयल व प्रगति गोयल, लायन आकाश व निधि अग्रवाल, लायन कपिल गर्ग, रिंकी गर्ग सहित कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। इसी अवसर क्लब के सदस्यों के बच्चों ने भी अपनी प्रस्तुति देकर भरपूर आनन्द लिया। क्लब में नव नियुक्त सदस्यों लायनेड अनुराधा गुप्ता कशिश जिंदल का भी विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के समापन पर सभी परिवारों को छप्पन भोग का प्रसाद भी दिया गया।

# तलवार लहराते वीडियो वायरल, पुलिस ने आरोपी को तलवार सहित किया गिरफ्तार



**चरथावल, 29 अगस्त (बु.)।** सोशल मीडिया पर तलवार लहराते हुए एक युवक का वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने मामले का संज्ञान लेते हुए वायरल वीडियो के आधार पर आरोपी को बिरालसी पुलिया के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उक्त युवक से तलवार भी बरामद की है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी को जेल भेज दिया है। थाना चरथावल क्षेत्र के ग्राम बिरालसी निवासी एक युवक की सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर तलवार लहराते हुए वीडियो वायरल हुई। थाना चरथावल पुलिस द्वारा उक्त वीडियो का तत्काल संज्ञान लिया गया तथा 24 घण्टे के अन्दर चरथावल थाना प्रभारी जसवीर सिंह के नेतृत्व में बिरालसी चौकी प्रभारी जोगिंदर सिंह ढिल्लों ने अभियुक्त राहुल पुत्र पाप्पा उर्फ रंजीत निवासी ग्राम बिरालसी को बिरालसी पुलिया से रोनी हरजीपुर की ओर जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त के कब्जे से वीडियो में प्रदर्शित तलवार को भी बरामद किया गया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी को जेल भेज दिया है।

# डीएस पब्लिक स्कूल ने किया हॉकी जादूगर मेजर ध्यानचंद को नमन



**मुजफ्फरनगर, 29 अगस्त (बु.)।** यहां डीएस पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करके उन्हें नमन किया गया। प्रधानाचार्य गगन शर्मा एवं कोऑर्डिनेटर संदीप दीक्षित सहित विद्यालय के खेल शिक्षकों रजनीश शर्मा, कमल वशिष्ठ, सागर गौतम एवं विद्यालय में उपस्थित विद्यार्थियों ने मेजर ध्यानचंद के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए हॉकी के क्षेत्र में उनके योगदान को नमन किया। स्कूल सभागार में विद्यार्थियों के समक्ष संदीप दीक्षित ने हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा कि मेजर ध्यानचंद को क्रिकेट में सर ब्रैडमैन एवं फुटबॉल में फुटबॉल के महान खिलाड़ी पेले के समकक्ष माना जाता है। स्कूल प्रधानाचार्य गगन शर्मा ने भी हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद को नमन करते हुए कहा कि मेजर ध्यानचंद इतनी शानदार हाकी खेलते थे कि देखने वालों को उनकी स्टिक में गोंद लगे होने का संदेह हो जाता था। उन्होंने कहा कि हॉकी के क्षेत्र में उनके अभूतपूर्व योगदान को देखते हुए ही भारत सरकार ने प्रतिष्ठित खेल पुरस्कार का नामकरण उनके नाम अर्थात मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार कर उनको सम्मानित करके उनके प्रति कृतज्ञता प्रकट की है।

# गोल्डन पब्लिक स्कूल में स्पोर्ट्स-डे पर इनडोर गेम्स का आयोजन



**मुजफ्फरनगर, 29 अगस्त (बुस.)।** पचेंडा रोड स्थित गोल्डन पब्लिक स्कूल में स्पोर्ट्स-डे बड़े उत्साह और जोश के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में अंतर सदन इंडोर गेम्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिनमें शतरंज कैरम एवं लूडो जैसे प्रतियोगिताएं शामिल रही। छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर इन खेलों में भाग लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं के दौरान छात्रों में गजब का उत्साह और प्रतिस्पर्धा का भाव देखने को मिला। इस दौरान कैरम की प्रतियोगिता में राज हाउस के छात्र इमाद (कक्षा-6) ने प्रथम, भक्ति हाउस की छात्रा वैष्णवी (कक्षा-7) ने द्वितीय एवं ज्ञान हाउस के छात्र दीपांशु (कक्षा-8) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लूडो प्रतियोगिता में भक्ति हाउस के छात्र अर्पित (कक्षा-8) ने प्रथम, कर्म हाउस की छात्रा अनाया (कक्षा-8) ने द्वितीय एवं ज्ञान हाउस की छात्रा गौरी (कक्षा-9) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। शतरंज प्रतियोगिता में भक्ति हाउस के छात्र पार्थ (कक्षा-6) ने प्रथम कर्म हाउस के छात्र कवाल (कक्षा-8) ने द्वितीय एवं राज हाउस के छात्र देवाश्य (कक्षा-8) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या पूनम वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है, ये न केवल शरीर को स्वस्थ रखते हैं बल्कि मानसिक विकास और एकाग्रता की क्षमता भी बढ़ाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को संदेश दिया कि वह पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी सक्रिय रूप से भाग लें और स्वस्थ जीवन शैली अपनाएं।

# शुक्रवार को हुई बारिश से खतौली हुई पानी-पानी

**खतौली, 29 अगस्त (बु.)।** शुक्रवार को हुई बारिश के दौरान पानी की समुचित व्यवस्था न होने तथा जानसठ रोड के एक नाले को बिना कारण ही पालिका परिषद द्वारा बंद कराये जाने से रेलवे रोड, जीटी रोड सहित अधिकांश नगर क्षेत्रों में दुकानों व मकानों में जलभराव के सभी रिकॉर्ड टूट गए। जहां पालिका परिषद की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिह्न लगा दिया वहीं पता नहीं किन कारणों से सत्तादल सहित विपक्षी दलों के तथाकथित नेताओं का मौन नगरवासियों के लिए अभिशाप साबित हो रहा है। मिली जानकारी के अनुसार नगर पालिका प्रशासन द्वारा जहां वर्षा ऋतु से पहले लाखों रुपये खर्च कर नालों की समुचित सफाई कराकर पानी भराव की समस्या का समुचित समाधान किये जाने के दावों की पोल शुक्रवार को उस दौरान खुल गयी, जब सुबह के समय क्षेत्र में हई बारिश के दौरान नगर के अधिकांश हिस्सों, बाजारों, कॉलोनियों में जलभराव हो गया। जलभराव से जहां नगर की जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा, वहीं आर्थिक हानि की मार भी सहनी पड़ी। सड़कों पर वाहनों का आवागमन पूरी तरह से प्रतिबंधित रहा। दूसरी ओर नगरवासियों का आरोप है कि पालिका प्रशासन द्वारा जहां नालों की सफाई का दावा मात्र औपचारिकताा साबित हुआ, वहीं पालिका प्रशासन द्वारा जानसठ रोड से गुर्जर कॉलोनी से निकलने वाले जल की निकासी के मुख्य श्रोत नाले को अनावश्यक बंद कराया जाना, नगर क्षेत्र में जलभराव होने का मुख्य कारण साबित हुआ। नागरिकों का आरोप है कि नागरिकों के विरोध के बाद पालिका प्रशासन द्वारा बंद नाले के स्थान पर जलनिकासी की समुचित व्यवस्था कराये जाने के आश्वासन के बाद एक माह बीत जाने पर भी कोई व्यवस्था नहीं हुई, जोकि पालिका की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिह्न है। वहीं खेद का विशय है कि सत्ताधारी दल सहित जनता की समस्या के लिए संघर्ष करने का दावा करने वाले विपक्षी दल के तथाकथित नेतागण भी नगर में जलभराव की समस्या को लेकर उदासीन बने हुए हैं।




## दीवार टूटते ही आरोग्यम में दिखा बाढ़ जैसा नजारा

**मुजफ्फरनगर, 29 अगस्त (बुस.)।** पिछले बार की तरह इस बार भी जब शुक्रवार को तड़ातड़ बारिश दो घंटे तक लगातर पड़ी तो जानसठ रोड स्थित आरोग्य हास्पिटल की दीवार गिर गयी। दीवार गिरते ही पानी का सैलाब बाढ़ की तरह उमड़ पड़ा और वहां खड़ी आधा दर्जन से अधिक गाड़िया आधे से अधिक डूबी हुई दिखाई दी। आरोग्य हास्पिटल परिसर में ऐसा नजारा देखकर मरीज के तीमारदारों के एक बार के लिए होश उड़ गये। मगर हाथोहाथ जल निकासी की व्यवस्था की गयी, तब कहीं जाकर हॉस्पिटल प्रशासन व मरीजों के तीमारदारों ने राहत की सांस ली। बताया जाता है कि एक बार फिर आरोग्यम हास्पिटल में पानी से लाखों रूपये का नुकसान हुआ है।



संस्थापक सम्पादक
एवं
हमारे प्रेरणास्रोत
स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

**मुजफ्फरनगर बुलेटिन**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
**सम्पादक-अंकुर दुआ**
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

## बच्चों ने बारिश के पानी में छलांग लगाई और खूब धमाचौकड़ी मचाई

**मुजफ्फरनगर, 29 अगस्त (बु.)।** 'इसे कहते हैं बचपन, न गंदे पानी की परवाह... न इंफेक्शन का डर... बस लूट ली बारिश की मौज' - यह नजारा था शहर के हृदयस्थली शिव चौक इलाके की, जहां बच्चे बारिश होते ही अपने घरों से बाहर निकल आए और पानी में जमकर मस्ती की। शहर में जैसे ही बारिश की पहली बौछार पड़ी, बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था। उन्होंने गंदे पानी और इंफेक्शन की परवाह किए बिना, बारिश के पानी में छलांग लगाई और खूब धमाचौकड़ी मचाई। कोई तैरने के प्रयास कर रहा था, तो कोई एक-दूसरे पर पानी उछाल रहा था। बच्चों के चेहरे पर दिख रही खुशी ने एक बार फिर साबित कर दिया कि बचपन के लिए बारिश सिर्फ पानी नहीं, बल्कि ढेर सारी मस्ती और रोमांच लेकर आती है।



**यही तो है बचपन**
**न गंदे पानी की परवाह... न इंफेक्शन का डर... बस लूट ली मौज'**



शिवचौक का नजारा

## पेपर मिल में बरसात से पेपर रीलें खराब, भारी नुकसान



**सिखेड़ा, 29 अगस्त (बु.)।** क्षेत्र के पानीपत-खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित जीनस पेपर मिल एवं बोर्ड लिमिटेड मुजफ्फरनगर के एमएम वेयरहाउस में शुक्रवार को हुई बरसात से पानी भरने के कारण पेपर मिल को भारी नुकसान हो गया। बरसात के कारण पेपर मिल के वेयरहाउस में रखे हुए पेपर, डुप्लेक्स पेपर, राइटिंग पेपर की रीलों में पानी भर जाने के कारण पूरी रीलें खराब हो गई हैं। हालांकि वेयरहाउस में पानी न जाए, इसके लिए एक-एक फीट की दीवारें बनवाई हुई है, लेकिन बरसात बहुत अधिक होने के कारण पानी रैंप से वेयरहाउस में चला गया, जिससे पेपर मिल को भारी नुकसान हो गया है।

## नंगला मंदौड़ का कॉलेज बरसात के पानी से बना तालाब

**जानसठ, 29 अगस्त (बु.)।** क्षेत्र के गांव नंगला मंदौड़ के भारतीय इंटर कॉलेज में शुक्रवार को घंटों हुई बरसात से पानी भर गया। इतना ही नहीं बरसात का पानी कॉलेज के कमरों में पहुंच गया, जिससे छात्र छात्राओं का कक्षाओं में बैठना भी मुश्किल हो गया। बरसात के पानी से कॉलेज परिसर तालाब बन गया। कॉलेज की छुट्टी होने पर छात्र-छात्राओं को पानी से गुजरकर बाहर निकलने में काफी परेशानी उठानी पड़ी। पानीपत-खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण होने से गांव नंगला मंदौड़ का भारतीय इंटर कॉलेज सड़क से नीचे पड़ गया है। कॉलेज के प्रधानाचार्य दिनेश कुमार ने बताया कि एनएचएआई अधिकारियों की ओर से बरसात का पानी निकलने के लिए कोई व्यवस्था नहीं की गई है।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम पंकज कुमार एवं मेरी पत्नी का नाम पुष्पा है जो हमारे सभी दस्तावेजों, जैसे- पैन कार्ड, आधार कार्ड एवं बैंक खातों में दर्ज है। भूलवश मेरी पुत्री आस्था राठी के जन्म प्रमाण-पत्र में मेरा नाम पंकज राठी दर्ज हो गया है, जिसके संशोधन हेतु मैंने आवेदन कर रखा है। साथ ही पूर्व विद्यालय द्वारा निर्गत, मेरी पुत्री की टीसी में, जोकि अब कक्षा- नौवीं की छात्रा है, मेरी पत्नी का नाम पुष्पा राठी दर्ज हो गया, जो कि गलत है। अतः मेरी पुत्री के स्कूल रिकॉर्ड में हमारे नाम पंकज कुमार एवं पुष्पा लिखा जाना अति आवश्यक है।

पंकज कुमार
पुष्पा
मकान नंबर -218, शाहडब्बर, मुजफ्फरनगर



1973-2025

सम्पादक की क़लम से

## हाई स्पीड ट्रेन के साथ शिनकासेन बुलेट ट्रेन

भारत और जापान की साझेदारी अब केवल अहमदाबाद-मुंबई हाई-स्पीड बुलेट रेलवे परियोजना तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि दोनों देश मिलकर ई-10 शिंकानसेन बुलेट ट्रेन का संयुक्त निर्माण भी कर सकते हैं। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी जापान में हैं। उनकी इस यात्रा के दौरान इस महत्वपूर्ण समझौते की घोषणा हो सकती है। प्रधानमन्त्री के रूप में यह मोदी की 8वीं जापान यात्रा है। स्थानीय कलाकारों ने टोक्यो के होटल में उनका गायत्री मंत्र से स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने प्रवासी भारतीयों से भी मुलाकात की। मुंबई और अहमदाबाद के बीच बुलेट ट्रेन का काम अब अपने अन्तिम चरण में है, रेल मंत्रालय ने यह घोषणा की है। अहमदाबाद-मुंबई हाई स्पीड रेल के स्टेशन न सिर्फ आधुनिक तकनीक से लैस होंगे, बल्कि यात्रियों को बेमिसाल आराम और सुविधा भी देंगे। भारतीय रेलवे ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि ये स्टेशन नयी मिसाल कायम करेंगे। इसमें संस्कृति, पर्यावरण और कनेक्टिविटी का गरिमापूर्ण मेल होगा। इस परियोजना में गुजरात और महाराष्ट्र के बीच 25 नदी पुल बनाए जा रहे हैं, जिनमें से 21 गुजरात में और 04 महाराष्ट्र में हैं। मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन कॉरिडोर के स्टेशन यात्रियों के लिए एक नया अनुभव होंगे। इन स्टेशनों का डिजाइन आधुनिक है, जो स्थानीय संस्कृति को भी दर्शाएगा। पर्यावरण को ध्यान में रखकर बनाए गए ये स्टेशन ऊर्जा की बचत करेंगे और यात्रियों को उत्कृष्ट सुविधाएं देंगे। ये कॉरिडोर 508 किलोमीटर लंबा है। इसमें ट्रेन की स्पीड 320 किलोमीटर प्रति घंटे की रखने का लक्ष्य है। इस प्रकार मुंबई से अहमदाबाद की यात्रा मात्र 2 घंटे में सम्भव होगी। गुजरात के वडोदरा में विश्वामित्री नदी पर बना 80 मीटर लंबा पुल इस परियोजना का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। यह पुल 21 नदी पुलों में से 17वां है, जो गुजरात में बनकर तैयार हो चुका है। इस पुल में तीन खंभे हैं, जिसमें एक नदी के बीच में और बाकी दो किनारों पर हैं। बडोदरा जैसे व्यस्त शहर में इस पुल को बनाना आसान नहीं था। इसके लिए रेलवे इंजिनियरों ने वडोदरा म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन और अन्य स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर सटीक योजना बनाई। जापान के संग साथ से इस कॉरिडोर के 2028 तक आरम्भ होने की आशा है, जिसके बाद भारत में रेल यात्रा का एक नया युग आरम्भ होगा। इसके साथ ही जापान की इसी शिनकासेन तकनीक का नया वर्जन भी आरम्भ हो सकता है। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी की इस यात्रा में इस नयी परियोजना पर बात हो सकती है। यह सहयोग दोनों देशों के बीच आर्थिक और रणनीतिक रिश्तों को और मजबूत करेगा।जिस तरह चार दशक पहले मारुति-सुजुकी मिलकर भारत की ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री में क्रांति लेकर आये थे, उसी तरह यह प्रोजेक्ट भारतीय परिवहन व्यवस्था में नई ऊर्जा भर सकता है। भारत को पहले ई-5 शिनकानसेन मिलने की उम्मीद थी, जिसकी अधिकतम गति 320 किमी प्रति घंटा है। हालांकि, पीएम मोदी की गहरी रुचि और जापानी नेतृत्व के साथ बेहतरीन तालमेल के कारण अब भारत को ई-10 शिंकानसेन मिल सकता है, जिसकी गति 400 किमी प्रति घंटा तक हो सकती है। ई-10 शिंकानसेन का डिजाइन जापान की अल्फा एक्स प्रायोगिक ट्रेन से विकसित किया गया है। इस नयी पीढ़ी की ट्रेन में अत्याधुनिक सुरक्षा तकनीकें और ऊर्जा दक्षता पर विशेष ध्यान दिया गया है। यही कारण है कि इसे भारत की द्रुत गति परिवहन आवश्यकताओं के लिए सही विकल्प माना जा रहा है। नयी ई-10 तकनीक के आने से भारत में न केवल बुलेट ट्रेनों का भविष्य उज्ज्वल होगा, बल्कि तीसरे देशों को भी इन ट्रेनों की आपूर्ति संभव हो सकेगी। इस यात्रा का मैसेज क्लियर है कि जापान भारत की बुलेट ट्रेन परियोजना को लेकर काफी गंभीर है। जापान पहुंचे पीएम मोदी ने 15 वें भारत-जापान इकनॉमिक फोरम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारत की विकास यात्रा में जापान अहम पार्टनर है। उन्होंने जापान के बिजनेस लीडर्स को बताया कि कैसे जापान की टेक्नॉलजी और भारत के टैलेंट आपस में मिलकर दोनों के विकास में अहम रोल अदा कर सकते हैं। मोदी ने अपने भाषण में भारत को निवेश के लिए सबसे बेहतर बताया। उन्होंने कहा कि दुनिया की नजरें ही नहीं, भरोसा भी भारत पर है।मोदी ने कहा कि हमने अगले 10 सालों में जापान से भारत में 10 ट्रिलियन येन यानी करीब 6 लाख करोड़ रूपए के निवेश का टारगेट रखा है। भारत और जापान के स्मॉल और मीडियम उद्योग और स्टार्टअप को जोड़ने पर विशेष जोर दिया जाएगा। मोदी ने जापानी कंपनियों से कहा कि 'भारत में बनाओ, दुनिया के लिए बनाओ'। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी और जापान के प्रधानमन्त्री शिगेरु इशिबा ने व्यापार, निवेश और तकनीकी क्षेत्रों सहित समग्र द्विपक्षीय संबंधों को और विस्तारित करने पर बात की। साथ ही समझौतों का आदान-प्रदान किया। उन्होंने कहा कि उच्च प्रौद्योगिकी क्षेत्र में सहयोग हम दोनों के लिए प्राथमिकता है। इस संबंध में डिजिटल साझेदारी 2.0 और एआई सहयोग पहल पर काम किया जा रहा है। सेमीकंडक्टर और दुर्लभ मृदा खनिज हमारे एजेंडे में सबसे ऊपर होंगे। चंद्रयान 5 मिशन में सहयोग के लिए हम इसरो और जाक्सा के बीच हुए समझौते का स्वागत करते हैं। हमारा सक्रिय सहयोग पृथ्वी की सीमाओं को पार करेगा और अंतरिक्ष में मानवता की प्रगति का प्रतीक बनेगा। आतंकवाद और साइबर सुरक्षा को लेकर हमारी चिंताएं समान हैं। हमारे आपसी हित रक्षा और समुद्री सुरक्षा से जुड़े हैं। हमने तय किया है कि रक्षा उद्योग और नवाचार के क्षेत्र में सहयोग को और मजबूत किया जाएगा। मानव संसाधन आदान-प्रदान की कार्ययोजना के तहत अगले पांच वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में पांच लाख लोगों का आदान-प्रदान किया जाएगा। हम सब मिलकर अपने लोगों और दुनिया के लिए शांति, प्रगति और समृद्धि का एक साझा सपना लेकर चलते हैं। अगले भारत-जापान वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए मैं आपको भारत में आमंत्रित करता हूं। अमेरिका से तनातनी के बीच प्रधानमन्त्री की यह यात्रा महत्वपूर्ण है। जापान दौरे के साथ प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी का एशिया दौरा शुरू हो चुका है। पीएम मोदी उस वक्त विदेशी दौरे पर निकले हैं, जब डोनाल्ड ट्रंप भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगा चुके हैं, प्रधानमन्त्री मोदी की जापान और चीन यात्रा करने का मकसद ट्रंप के टैरिफ के भारत पर असर को कम करना और घनिष्ठ राजनयिक संबंध बनाना है।

### चार तीर

सुनील उत्सव

**'बोझ' 'कोढ़' 'जिक्र' 'फिक्र'**

बोझ हैं धरती के यें और कोढ़ हैं यें हिन्द के,
जी तो करता है कि इनका जिक्र करना छोड़ दूँ।
अब असर लानत का भी इन पर कोई पड़ता नहीं,
वक़्त कहता है के इनकी फिक्र करना छोड़ दूँ।


### शोक सन्देश



अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे प्रिय
श्री मुकेश खुराना जी का स्वर्गवास दिन- मंगलवार,
दिनांक 19 अगस्त, 2025 को हो गया था। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।
उनकी शोक सभा एवं रस्म पगड़ी 31/08/2025, दिन- रविवार
को होनी निश्चित हुई है। ईश्वर उनकी आत्मा को शान्ति प्रदान करें।
शोक सभा/ रस्म पगड़ी अपराह्न 02: 00 बजे
स्थानः- बारात घर, पचैण्डा रोड, मुजफ्फरनगर
-: शोकाकुल परिवार :-
हेमा खुराना (पत्नी)
कृष्णा खुराना (पुत्र)
अनिल खुराना-सुधा खुराना (भाई-भाभी)
सुनील खुराना-अनिता खुराना (भाई-भाभी)
अजीत खुराना- ममता खुराना (भाई-भाभी)
हंसा खुराना-पूजा खुराना (भाई-भाभी)
विनोद खुराना-भावना खुराना (भाई-भाभी)
(बहन-बहनोई)
रितु मलिक- अजय मलिक
साक्षी साहनी- भूषण साहनी
ममता सलूजा-रिंकू सलूजा
खुराना फैमिली
कालड़ा फैमिली
निवास स्थान:-
471, गाँधी कॉलोनी, गली नम्बर 11, मुजफ्फरनगर
M.: 9557010800, 9897018640
9258272740, 9760008640


# अमरोहा व रामपुर के युवाओं ने अग्निवीर बनने को दिखाया जोश

- सुबह हुई बारिश ने कई युवाओं के तोड़ दिये सपने
- गाजियाबाद व मुरादाबाद के युवाओं को मिलेगा आज मौका



**मुजफ्फरनगर, 29 अगस्त (बु.)।** भारतीय सेना की अग्निपथ योजना के अन्तर्गत जनरल ड्यूटी समेत अन्य सेवाओं के लिए शुरू भर्ती प्रक्रिया गुरूवार को एक दिन के बाद शुक्रवार सुबह नई ऊर्जा एवं जोश के बीच तय कार्यक्रम के तहत अमरोहा एवं रामपुर जिले के 1171 युवाओं को ग्राउंड में दौड़ने का मौका दिया गया। इससे पूर्व मध्य रात्रि के बाद प्रवेश पत्रों की जांच पड़ताल के बाद मैदान में उतरे युवाओं को शुक्रवार सुबह हुई बारिश से व्यवधान झेलने को विवश होना पड़ा। इस बीच कुछ राउंड दौड़ होने के बाद बारिश के चलते दौड़ प्रक्रिया को बाद में कराया गया। इस बीच लक्ष्य पाने की खातिर मैदान से सड़क तक दौड़ते युवाओं की उम्मीदों को बारिश के चलते मायूस होना पड़ा। इस बीच कई युवाओं को गिरने से हल्की चोट झेलनी पड़ी। इस बीच मेरठ रोड भर्ती क्षेत्र में दौड़ से बाहर निकले इन युवाओं के चेहरों पर मायूसी स्पष्ट रूप से देखने को मिली। भारतीय थल सेना मेरठ भर्ती कार्यालय की ओर से जनपद के मेरठ रोड स्थित नुमाइश ग्राउंड एवं चौधरी चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम में बीते 22 अगस्त से वेस्ट यूपी के 13 जिलों के करीब 17 हजार अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा के बाद भर्ती रैली में दौड़ समेत अन्य शारीरिक परीक्षाओं से गुजरने के लिए निमंत्रण दिया गया था। जिला मुख्यालय पर इस बीच शुक्रवार को एक दिन के विश्राम के बाद नुमाइश ग्राउंड में गुरूवार देर सायं भर्ती प्रक्रिया फिर से शुरू हुई। भारतीय सेना की ओर से आयोजित अग्निवीर भर्ती रैली में सैन्य अफसरों के साथ जिला पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी कंधे से कंधा मिलाकर भर्ती प्रक्रिया को निर्विघ्न रूप से संपन्न कराने में जुटे हैं। शुक्रवार को इसी कड़ी में भारतीय थल सेना भर्ती मेरठ कार्यालय की ओर से जनपद के नुमाइश कैंप व चौ. चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम में वेस्ट यूपी के जनपद अमरोहा व रामपुर के 1171 अभ्यर्थियों को दौड़ समेत विभिन्न परीक्षाओं से गुजरने के साथ अपनी क्षमता को प्रदर्शित करने का मौका मिला। हालांकि शुक्रवार को जिले में हुई करीब 102 एमएम बारिश ने इन युवाओं के सपनों पर पानी फेरने का भी काम किया, जिससे कई युवा मैदान के साथ सड़क पर गिरने से दौड़ से बाहर हो गए। विकास भवन के बाहर इस बीच बारिश के कारण ड्यूटी पर टैंट लगाकर बनाए कार्यालय में पानी भर जाने और वहां रखी कुर्सी और सोफा भीग जाने से कर्मियों को भारी दिक्कतों का सामना करने को विवश होना पड़ा। दोपहर बाद तक ऐसे में सेना अफसरों की जांच में अनफिट हुए युवाओं के भर्ती स्थल से बाहर आने का क्रम रुक-रुक कर यूं ही जारी रहा। अब शनिवार को अग्निवीर भर्ती रैली में 30 अगस्त को मुरादाबाद एवं गाजियाबाद जनपद के युवाओं को प्रतिभा का प्रदर्शन करने का मौका मिलेगा, जिन्होंने देर सायं मेरठ रोड भर्ती स्थल पर पहुंचना शुरू कर दिया। अग्निवीर सामान्य ड्यूटी भर्ती रैली के अंतिम पड़ाव की ओर बढ़ते कदमों के बीच दो सितम्बर को अब जनपद मुजफ्फरनगर की 4 तहसीलों के युवाओं को अग्निवीर जवान बनने का मौका 2 सितम्बर को मिलेगा।





# मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस पर खेल प्रतियोगिता आयोजित

## - डीएवी इंटर कॉलेज की टीम ने जीता फाइनल का खिताब - मथुरा सांसद, विधायक व डीएम ने किया विधिवत शुभारंभ

**मुजफ्फरनगर, 29 अगस्त (बु.)।** हाकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद जी के जन्म दिवस, 29 अगस्त, राष्ट्रीय खेल दिवस पर डीएवी डिग्री कॉलेज में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इससे पूर्व लखनऊ से मुख्यमंत्री का लाईव प्रसारण भी कॉलेज के ऑडिटोरियम में स्क्रीन पर लाईव देखने के साथ ही शपथ कार्यक्रम कराया गया, जिसमें लगभग 300 खिलाड़ियों के साथ सभी अतिथि एवं शिक्षक आदि उपस्थित रहे। उत्तर प्रदेश शासन एवं खेल निदेशालय के निर्देश पर जिला प्रशासन एवं जिला खेल कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में डीएवी डिग्री कॉलेज के मैदान पर हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चौ. तेजवीर सिंह सांसद मथुरा, जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी, विधायक मिथलेश पाल का स्वागत डीएम उमेश मिश्रा, सीडीओ व कॉलेज प्राचार्या गरिमा जैन एवं उप क्रीड़ाधिकारी पूनम विश्नोई द्वारा संयुक्त रूप से बुके व अंगवस्त्र प्रदान कर किया। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा जनपद की राष्ट्रीय स्तर पर एथलैटिक्स खेलों की उभरती खेल प्रतिभाओं जिनमें क्रमशः शालिनी, आयुषी एवं विशाखा को ट्रैक सूट देकर सम्मानित किया। वहीं ताईक्वांडो की राज्य स्तरीय खिलाड़ियों में लवीश शर्मा, विनीत को सम्मानित किया गया। हॉकी प्रतियोगिता में जिले के स्कूल, कॉलेजों एवं क्लबों की 08 टीमों ने प्रतिभाग किया। हॉकी प्रतियोगिता का फाईनल मैच डीएवी इंटर कॉलेज एवं लाला जगदीश प्रसाद इंटर कॉलेज के मध्य खेला गया जिसमें डीएवी इंटर कॉलेज की टीम विजेता रही। इस दौरान लखनऊ से मुख्यमंत्री का लाईव प्रसारण कॉलेज ऑडिटोरियम में स्क्रीन पर लाईव दिखाया। इस दौरान 100 मी. दौड़ में अजहर, रोहन, व वंश बालियान, 200 मी. दौड़ में मुजम्मिल, लविश व आरिश शाह को क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त होने पर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता आयोजन में राजेश कुमार श्रीवास डीआईओएस, बीएसए सन्दीप कुमार, प्रवीण शर्मा प्रधानाचार्य डीएवी इंटर कॉलेज, पूनम विश्नोई उपक्रीड़ाधिकारी, मनीश शर्मा वुशू प्रशिक्षक, रवि कुमार कैनोईंग प्रशिक्षक, प्रदीप कुमार कुश्ती प्रशिक्षक, विकास सैनी एथे. प्रशिक्षक, सत्यकाम तोमर पीटीआई के अतिरिक्त विभिन्न खेलों के वरिष्ठ खिलाड़ी, गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# सुचारू रूप से चालू हुआ मुजफ्फरनगर-बिजनौर मार्ग

**मुजफ्फरनगर, 29 अगस्त (बुस.)।** लगातार समीक्षा व अधिकारियों को दिए गए निर्देशों के क्रम में आज बिजनौर बैराज मार्ग पर वाहनों का आवागमन शुरू हो गया है। मुजफ्फरनगर-बिजनौर का मुख्य मार्ग गंगा बैराज पुल (मुजफ्फरनगर-बिजनौर मार्ग) अब पुनः आमजन के लिए खोल दिया गया है। विगत दिनों पुल बंद होने से नागरिकों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। उत्तर प्रदेश



सरकार में कौशल विकास एवं व्यावसायिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने जनता की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए लगातार इस प्रकरण की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को त्वरित निर्देश दिए। आज उन्हीं प्रयासों के परिणामस्वरूप मार्ग पर वाहनों का सुचारु आवागमन पुनः प्रारंभ हो सका। मंत्री कपिल देव ने कहा कि यह मार्ग केवल आवागमन का साधन नहीं, बल्कि हजारों लोगों की दिनचर्या, व्यापार और जरूरतों से जुड़ा अहम संसाधन है। जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान ही हमारी प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार निरंतर जनहित में कार्य कर रही है। समस्या नहीं समाधान की नीति पर चलते हुए प्रदेश सरकार ने एक बार फिर साबित किया है कि जनता की सुविधा सर्वोपरि है।

## नगर के गणमान्य लोगों ने दी वैष्णो देवी हादसे में मृतकों को श्रद्धांजलि

**मुजफ्फरनगर, 29 अगस्त (बु.)।** वैष्णो देवी लैंडस्लाइडिंग हादसे में मारे गए लोगों के प्रति लोगों ने आज दुखी मन से मृतकों को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान घायलों के स्वस्थ होने की कामना के साथ पूर्व मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एवं रोटेरियन डॉ. एम.एल गर्ग, रोटेरियन उषा गर्ग, डॉ. सपना गर्ग ने कहा कि वैष्णो देवी में हुई दुखद घटना की सूचना से हर कोई दुखी है। उन्होंने कहा कि इस हादसे से पूरा देश हिल गया है। उन्होंने मृतकों के प्रति अपनी संवेदना प्रकट करते हुए दुख व्यक्त किया और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। इस दौरान आईआईए के पूर्व अध्यक्ष विपुल भटनागर एवं भाजपा नेता कुश पुरी, पंजाबी समाज के संरक्षक सरदार सुखदर्शन सिंह बेदी, देवभूमि के डायरेक्टर सुमित रोहल, वसुंधरा के डायरेक्टर अमित चौधरी, आदेश त्यागी, शाहपुर ब्लॉक प्रमुख अरविंद त्यागी, सपा के महानगर अध्यक्ष पुष्पेंद्र बॉबी त्यागी ने कहां की वैष्णो देवी के रास्ते पर हुए हादसे से जिले का माहौल गमगीन है। मरने वालों के प्रति सभी की संवेदनाएं जुड़ी है। हम दिवंगत आत्मा को प्रभु के शुभ चरणों में स्थान की कामना करते हैं।

# मंडल व्यापारी महासम्मेलन की तैयारी को लेकर बैठक में मंथन

**मुजफ्फरनगर, 29 अगस्त (बु.)।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के रुड़की रोड अध्यक्ष विजय कुच्छल के नेतृत्व में व्यापारियों की बैठक आयोजित हुई। इस दौरान मुख्य अतिथि संयुक्त व्यापार संघर्ष समिति के अध्यक्ष संजय मिश्रा, प्रदेश मंत्री सरदार बलविन्द्र सिंह एवं जिला अध्यक्ष राकेश त्यागी मौजूद रहे। कार्यक्रम संयोजक उदित किंगर व दीपांशु कुच्छल द्वारा अतिथियों का माल्यार्पण करते हुए स्वागत किया। सभा में वक्ताओं ने नवंबर माह में आयोजित होने वाले मंडल स्तरीय व्यापारी महासम्मेलन को सफल बनाने के लिए व्यापारियों से व्यापक सहयोग का आह्वान किया। सभा में यह भी घोषित किया गया कि सम्मेलन के दौरान व्यापारियों को 60 वर्ष की आयु के बाद पेंशन योजना लागू कराने के लिए एक ज्ञापन मंत्री नितिन अग्रवाल को सौंपे जाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान अनेक कर्मठ पदाधिकारियों को मुख्य अतिथियों ने सम्मानित किया। सभा में प्रमुख रूप से विजय कुच्छल, यश मल्होत्रा, शैलेश कुच्छल, रोहित अरोड़ा, अंकुश धमीजा, जावेद सिद्दीकी, अंशुल सिंघल, उदित किंगर, आरती देवमन, तरुण जयंत, मुकेश धमीजा, अनिल मित्तल, प्रेम मल्होत्रा, मनीष, अभिजीत गंभीर, सागर धमीजा, हरीश धमीजा, आकाश तनेजा आदि व्यापारी उपस्थित रहे।



## छेड़छाड़ का विरोध करने पर दंपत्ति के साथ मारपीट

**भोपा, 29 अगस्त (बु.)।** थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने एक आरोपी की छेड़छाड़ का विरोध किया, तो आरोपी अपने साथियों के साथ उसके घर में घुस आया और महिला व उसके पति पर हमला बोल दिया। पीड़िता ने तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। भोपा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने थाने पर पहुंचकर बताया कि वह अपने पुत्र की मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान पर बैठ जाती है। आरोप है कि गांव का ही एक आरोपी उस पर गलत निगाह रखता है और उसपर अश्लील टिप्पणी करता है। बीते गुरुवार की देर शाम आरोपी उसकी दुकान के सामने से गुजरा और उसपर अभद्र टिप्पणी की, जिसके बाद पीड़िता ने अपने पति से मामले की शिकायत की। महिला ने आरोप लगाया कि उसके पति द्वारा आरोपी का विरोध करने पर आरोपी अपने साथियों के साथ उसके घर में घुस गया और उसके साथ मारपीट करनी शुरू कर दी, जब उसके पति ने आरोपियों का विरोध किया, तो उसके पति को भी पीटा गया। शोर-शराबे की आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर आ गए और दोनों को आरोपियों के चंगुल से छुड़ाया। पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। मामले में पुलिस ने बताया कि लेनदेन को लेकर विवाद हुआ था। दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया है।


आवश्यक सूचना
डॉ. विकास सिंघल
M.B.,B.S. (MAMC), M.R.C.S. (GLASGOW)
F.A.C.S. (AMERICA)
American Board of Surgery Diplomate
Fellowship Advanced Laparoscopic
Surgery (U.S.A.)
(एसोसिएट डायरेक्टर, मेदान्ता अस्पताल, गुड़गाँव)
दिनांक 31.08.2025, दिन-रविवार को
डॉ. विकास सिंघल
(एडवांस जीआई सर्जन, रोबोटिक एंड बेरिएट्रिक सर्जन)
पेट, आँत, जिगर पैन्क्रियाज़, पित्त की थैली,
कैंसर, हर्निया, अत्यधिक वज़न,
एसिडिटी से पीड़ित मरीज़ों को देखेंगे।
नाम लिखवाने के लिए सम्पर्क करें
सिंघल नर्सिंग होम
कम्पनी बाग के सामने, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर
मो.: 9837082912, 8800567610
समयः- प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक






# श्री गणेश जन्मोत्सव की बड़ी धर्मशाला में धूम, गूंजे जयकारें

### - स्कूली बच्चों ने भक्ति संगीत के कार्यक्रम से किया मंत्रमुग्ध

**मुजफ्फरनगर, 29 अगस्त (बु.)।** श्री सिद्धिविनायक गणेश जन्मोत्सव समिति जय मां शक्ति मंदिर पटेल नगर नई मंडी की ओर से श्री गणेश जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम के साथ बड़ी धर्मशाला में मनाया जा रहा है, जिसमें स्कूल के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। इस दौरान दीप प्रज्वलन हर्षवर्धन जैन अर्चना साड़ी वाले, उमा स्वरूप एवं दीपा तायल ने किया। इस दौरान मुख्यातिथि डॉ. प्रवेश, राजेश मित्तल कार्यक्रम में उपस्थित रहे एवं भक्ति वंदना प्रस्तुत कर रहे बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। श्री सिद्धि विनायक श्री गणेश जन्मोत्सव समिति के संस्थापक संजय कुमार गर्ग के अलावा इस दौरान अध्यक्ष रामपाल तायल, पंकज सिंघल बॉबी, अंकित गर्ग, समकित जैन, नितिन गोयल, देशपाल, संजय अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, देवेंद्र बंसल, गौरव गुप्ता, विपिन पाल, पवन कुमार, दिनेश पाल, सतेंद्र मित्तल, अंकुर अग्रवाल, विजय सैनी एवं सीए अमित कुमार आदि मौजूद रहे।



## श्री गणपतिधाम में देर रात्रि तक रही बधाई उत्सव की धूम

**मुजफ्फरनगर, 29 अगस्त (बु.)।** श्री गणपति-खाटू श्याम मंदिर परिवार की ओर से गणपति जन्मोत्सव के बीच गुरूवार रात्रि में बधाई उत्सव की धूम रही। इस बीच स्थानीय कलाकारों ने भक्ति संगीत के बीच गणपति महाराज का देर रात्रि तक गुणगान किया, जिसमें श्रद्धालुओं ने खूब गोते लगाते हुए बाबा का गुणगान किया। श्री गणपति खाटू श्याम मंदिर परिवार द्वारा मंदिर प्रांगण में श्री गणपति जन्मोत्सव के बीच वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन-अर्चना करते हुए गुणगान किया। श्री गणपति-खाटू श्याम मंदिर परिसर नई मंडी भरतिया कॉलोनी में गुरूवार देर रात्रि तक गणपति बप्पा मोरया के जयघोष के बीच संपन्न श्रीगणेश बधाई उत्सव की धूम मंडी क्षेत्र में रही। इस दौरान अग्रपूज्य पार्वती नंदन, समस्त कष्ट हरने वाले विघ्न विनाशक सिद्धि विनायक गणपति जन्मोत्सव के बीच भक्ति संगीत की रसधारा से गणपति जी महाराज को रिझाने के प्रयास मध्य रात्रि तक जारी रहे। कार्यक्रम में पधारे अतिथियों का मंदिर समिति पदाधिकारियों ने पटका पहनाकर स्वागत किया। इस बीच मंदिर परिसर में हर ओर भक्ति की रसधारा देर सायं तक बहती दिखाई दी। इस कार्यक्रम में मंदिर समिति से जुड़े समाजसेवी भीम कंसल, अध्यक्ष अशोक गर्ग, मंत्री अनिल गोयल, जेपी गोयल, कैलाश चन्द ज्ञानी, सोम प्रकाश कुच्छल, विनोद राठी, बिजेन्द्र रानो, विकास अग्रवाल, प्रतीक कंसल, रजत राठी, नीरज गोयल, अनित गोयल, रजत गोयल, नवीन अग्रवाल, शुभग तायल, अंकित अग्रवाल, नवनीत गुप्ता, तुषार गर्ग, यश गर्ग आदि मौजूद रहे।

# दो सप्ताह में ही बार ने निभाया अपना वायदा

## - मृतक अधिवक्ता की पत्नी को दी आर्थिक मदद

**बुढ़ाना, 29 अगस्त (बु.)।** बार एसोसिएशन बुढ़ाना के अध्यक्ष विनोद कुमार त्यागी और महासचिव ओमपाल सिंह मलिक डुंगर की करीब दो सप्ताह पूर्व की गयी घोषणा को आज शुक्रवार के दिन अमलीजामा पहनाया गया, जिसमें वायदे के मुताबिक बार एसोसिएशन बुढ़ाना ने बीती 16 अगस्त को बीमारी के चलते स्वर्ग सिधार गये अधिवक्ता स्वतंत्र वीर सिंह आर्य की धर्मपत्नी सुरेशवती आर्य को बार कार्यालय पर आमंत्रित कर उनको 51 हजार रुपये का चेक दिया गया। बार एसोसिएशन बुढ़ाना के इतिहास मे ऐसा पहली बार हुआ है, जिसमें किसी मृतक अधिवक्ता के परिजनों को आर्थिक मदद दो सप्ताह की भीतर ही दी गयी है। इससे पहले कभी किसी मृतक अधिवक्ता के आश्रितों को इस तरह से कोई भी धनराशि नहीं मिली, लेकिन बार अध्यक्ष विनोद त्यागी के कार्यकाल में ऐसा पहली बार हुआ है, जिसकी चर्चा चारों और हो रही है। इस दौरान अधिवक्ता शो सिंह राणा, प्रशांत शर्मा, इलियास सैफी, अनिल कोरी, पूर्व अध्यक्ष बाबू सिंह राठी, पूर्व अध्यक्ष विनय बालियान और श्यामवीर वर्मा सहित अन्य अधिवक्ता भी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि बार एसोसिएशन बुढ़ाना के वरिष्ठ उपाध्यक्ष बाबू स्वतंत्र वीर आर्य का निधन बीती 16 अगस्त को बीमारी के चलते हो गया था।



# हिमाचल के चम्बा में लैण्ड स्लाइड, ग्यारह मौतें, मणिमहेश यात्रा स्थगित, रावी ने बरपाया कहर

## उत्तराखंड के चमोली में फटा बादल, पंजाब भी मानसून की तबाही की चपेट में आया

**चंबा, 29 अगस्त (एजेंसी)।** हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले के भरमौर में भारी बारिश के बीच मणिमहेश यात्रा पर निकले 11 श्रद्धालुओं की लैंडस्लाइड में मौत हो गई है। मृतकों में 3 पंजाब, 1 उत्तर प्रदेश और 5 चंबा के रहने वाले हैं। दो लोगों की अभी पहचान नहीं हुई है। दूसरी तरफ, उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और टिहरी गढ़वाल जिले में गुरूवार रात बादल फटने से 5 लोगों की मौत हो गई। एसडीआरएफ ने रूद्रप्रयाग में 40 और कुम्म गांव में 30 लोगों का रेस्क्यू किया। पंजाब के फिरोजपुर में बारिश के चलते 62 गांव प्रभावित हुए। प्रशासन ने 2500 से ज्यादा लोगों को अब तक सुरक्षित जगह पहुंचाया है। 13 रिलीफ कैंप बनाए गए हैं। पंजाब और जम्मू के कुछ इलाकों में बाढ़ के चलते लोग फंसे हैं। इंडियन एयर फोर्स के जवानों ने हेलीकॉप्टरों के जरिए नागरिकों का रेस्क्यू किया और उन्हें राहत सामग्री पहुंचाई। वहीं रुद्रप्रयाग जिले के पूर्वी बांगर क्षेत्र में भूस्खलन के कारण छेनागाड़ का पड़ाव पूरी तरह तबाह हो गया है। तड़के हुई मूसलाधार बारिश के बाद पहाड़ी से आए मलबे के सैलाब में 15 से अधिक दुकानें और मकान बह गए, जिससे 8 लोग लापता हो गए हैं, जिनमें चार नेपाली मजदूर और एक वनकर्मी शामिल हैं। इस घटना में सड़क और पैदल मार्ग भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुए हैं, जिससे बचाव दल को घटनास्थल तक पहुंचने में काफी मशक्कत करनी पड़ी।





### ऋषिकेश में गंगा चेतावनी रेखा के पार

**चंबा।** पहाड़ी क्षेत्रों में लगातार बारिश के चलते गंगा का जलस्तर बढ़ गया है। ऋषिकेश में गंगा चेतावनी रेखा से एक मीटर ऊपर बह रही है। गंगा किनारे घाटों पर एसडीआरएफ और जल पुलिस तैनात है। लोगों को गंगा किनारे घाटों पर जाने से रोका जा रहा।

### गंगा घाटों को खाली कराया गया

**चंबा।** पहाड़ों पर लगातार हो रही बारिश और चमोली में बादल फटने की घटना के कारण गंगा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। इसके चलते ऋषिकेश और हरिद्वार के गंगा घाटों के किनारे वाले लोगों को पुलिस द्वारा सुरक्षित स्थानों पर जाने की सलाह दी है।





शुक्रवार को हुई मूसलाधार बारिश के बाद शहर में हुए जलभराव के नजारे

# रालोद सुप्रीमो एवं केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने सावटू गांव में किया स्टेडियम का लोकार्पण

## ▶▶ विधायक राजपाल बालियान के आवास पर पार्टी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को किया संबोधित







**शाहपुर, 29 अगस्त (बु.)।** केंद्रीय राज्य मंत्री जयन्त चौधरी ने कहा कि गन्ने के बारे में शीघ्र ही बहुत अच्छा फैसला होने वाला है। उन्होंने कहा कि जल्दी ही यह फैसला सब किसानों को पता लग जाएगा। हम हमेशा किसानों के लिए सोचते हैं, किसानों की लड़ाई लड़ते हैं व किसानों के साथ हमेशा खड़े रहेंगे। उन्होंने गांव गढ़ी नौआबाद नवाबाद स्थित विधायक राजपाल बालियान के घर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए यह बात कही। इससे पूर्व उन्होंने गांव सावटू में मिनी स्टेडियम का लोकार्पण करते हुए स्टेडियम को दो करोड़ रुपए और देने की घोषणा की, जिससे वहां ट्रैक समेत अनेकों निर्माण होंगे। उन्होंने युवाओं से ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभा छुपी होने की बात कहते हुए युवाओं से खेल व कौशल विकास में आगे आने की बात कही। केंद्रीय राज्य मंत्री जयन्त चौधरी ने सावटू मिनी स्टेडियम के लिए दो करोड़ रुपए की धनराशि अपनी सांसद निधि से देने की घोषणा की। उन्होंने राष्ट्रीय खेल दिवस दिवस के मौके पर युवाओं से खेल से जुड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि सभी युवा खेल से जुड़े व कौशल विकास कार्यक्रमों से जुड़कर अपने भविष्य को बनाएं। जयन्त चौधरी सावटू में मिनी स्टेडियम के लोकार्पण के मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज युवाओं को खेल पर सबसे अधिक ध्यान देना चाहिए। मैंने शुरू में ही कहा था कि मैं खेल को प्रोत्साहन देने के लिए अपनी सांसद निधि का प्रयोग करूंगा। इस स्टेडियम के लिए पूर्व में लगभग तीन करोड़ रुपए खर्च हो चुके हैं। इसमें दो करोड़ रुपए और खर्च किए जाएंगे, जिसमें 200 मीटर ट्रैक, वॉलीबॉल कोर्ट, ओपन जिम, चेंजिंग रूम, वॉशरूम व प्रकाश व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने गांव खरड़ में भी खेल से संबंधित क्रीड़ा स्थल विकसित करने के लिए एक लाख रुपए देने की भी घोषणा की। उन्होंने बागपत से आई खिलाड़ी वंशिका चौधरी को भी सम्मानित किया व कहा कि लड़कियों को भी खेल में आगे आना चाहिए, आज लड़कियां बेहतर प्रदर्शन कर रही है। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र पर विशेष जोर देते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभाएं छुपी बैठी है। इन्हें कौशल विकास व खेल पर अधिक ध्यान देना चाहिए। इस मौके पर मंत्री अनिल कुमार, विधायक राजपाल बालियान, विधायक मिथलेश पाल, पूर्व मंत्री योगराज सिंह, बागपत सांसद राजकुमार सांगवान एवं विधायक प्रसन्न चौधरी व लोकदल जिला अध्यक्ष संदीप मलिक ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में सतीश प्रधान, रामवीर सिंह, अमित चौधरी व आसिंदर चौधरी, सत्येंद्र बालियान कुटबी व भगत सिंह सिसौली मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

**शाहपुर।** रालोद सुप्रीमो व केंद्रीय मंत्री चौधरी जयंत सिंह ने शुक्रवार को सावटू ग्राम में स्टेडियम का लोकार्पण किया। इस मौके पर उन्होंने क्षेत्र के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों सोरम निवासी कबड्डी खिलाड़ी अर्णव बालियान और निशांत रघुवंशी को सम्मानित किया। कार्यक्रम में पहुंचे मुजफ्फरनगर ओलंपिक संघ के सह सचिव मास्टर रामपाल सिंह ने केंद्रीय मंत्री को ज्ञापन सौंपते हुए मुजफ्फरनगर स्टेडियम में साईं सेंटर की स्थापना की मांग रखी। मंत्री ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि खेलों के विकास व खिलाड़ियों के भविष्य को संवारने के लिए सरकार संभव कदम उठा रही है।

## हरिद्वार के मनसा देवी में बारिश होने पर पैदल नो-एंट्री, हादसे के बाद बने सख्त नियम

**हरिद्वार, 29 अगस्त (एजेंसी)।** मनसा देवी मंदिर हादसे के बाद प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा के इंतजाम और कड़े कर दिए हैं। अब 10 एमएम बारिश दर्ज होते ही श्रद्धालुओं की मंदिर तक पैदल एंट्री पूरी तरह बंद कर दी जाएगी। इस दौरान केवल रोपवे का संचालन जारी रहेगा। भीड़ और फिसलन से बचाव को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। प्रशासन ने साफ किया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है, चाहे इसके लिए अस्थायी असुविधा क्यों न उठानी पड़े। हाल ही में मंदिर परिसर में मची भगदड़ में 9 लोगों की मौत और 37 श्रद्धालु घायल हो गए थे। इसके बाद से ही प्रशासन लगातार सुरक्षा प्रोटोकॉल की समीक्षा कर रहा है। अधिकारियों ने माना कि बारिश के दौरान सीढ़ियों और मार्ग पर अत्यधिक फिसलन हो जाती है और भीड़ का दबाव बढ़ने से हादसे की आशंका कई गुना बढ़ जाती है। इसलिए तय किया गया है कि बारिश के समय मार्ग पूरी तरह बंद रखा जाएगा। अधिकारियों के मुताबिक, मौसम विभाग से रियल टाइम अपडेट लिया जाएगा। बारिश शुरू होते ही मुख्य मार्ग पर तैनात पुलिसकर्मी और होमगार्ड श्रद्धालुओं को आगे बढ़ने से रोक देंगे। इस दौरान जो श्रद्धालु दर्शन करना चाहेंगे, वे केवल रोपवे का ही इस्तेमाल कर सकेंगे। इधर प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे सुरक्षा नियमों का पालन करें और मौके पर तैनात पुलिसबल का सहयोग करें। अधिकारियों का कहना है कि थोड़ी देर की असुविधा के बजाय दुर्घटनाओं को रोकना ज्यादा जरूरी है। उन्होंने कहा कि जल्द ही मंदिर प्रबंधन के साथ मिलकर स्थायी समाधान पर भी विचार किया जाएगा। मनसा देवी जाने वाले पैदल मार्ग पर हादसे के बाद भी सुधार कार्य शुरू नहीं हो पाया है। सड़क न तो समतल की गई और न ही किनारे की घनी झाड़ियां काटी गईं। हादसे के दौरान मार्ग की अव्यवस्था ने श्रद्धालुओं को परेशान किया था, लेकिन जिम्मेदार विभागों ने सबक नहीं लिया। इधर जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने बताया कि मार्ग के चौड़ीकरण को लेकर शासन की ओर से राजाजी टाइगर रिजर्व पार्क को पत्र भेजा गया है।

## संभल में डेमोग्राफी बदलने के लिए सपा-कांग्रेस ने रची साजिशः योगी

प्रतापगढ़, 29 अगस्त (वार्ता) मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संभल में 2024 की हिंसा पर आई न्यायिक आयोग की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के शासनकाल में चुन-चुनकर हिंदुओं को निशाना बनाया गया। उस वक्त हिन्दुओं की जनसांख्यिकी को कम करके डेमोग्राफी बदलने की साजिशें रची गई। आज डबल इंजन की सरकार किसी भी कीमत पर ऐसी विभाजनकारी राजनीति नहीं होने देगी। जो भी प्रदेश की डेमोग्राफी बदलने का प्रयास करेगा, उसे स्वयं पलायन करना होगा। प्रतापगढ़ में 570 करोड़ रुपये की 186 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास के अवसर पर जनसभा को संबोधित करते हुये उन्होंने कहा कि विकास कार्यों को देखकर विपक्ष बौखला गया है। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी का इंडी गठबंधन वास्तव में एंटी इंडिया गठबंधन है। यह गठबंधन भारत की आन-बान-शान से खिलवाड़ करता है और देश को जाति-धर्म के आधार पर बांटने का काम करता है। सीएम योगी ने कहा कि जब-जब इन्हें सत्ता मिली, तब-तब इन्होंने माफिया को बढ़ावा दिया, गुंडागर्दी करवाई और गरीबों का हक छीना। अब जब जनता ने इन्हें नकार दिया है।

## राहुल गांधी पर अमित शाह का निशाना, बोले- पीएम को जितनी गाली दोगे उतना कमल खिलेगा

**गुवाहाटी, 29 अगस्त (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पीएम मोदी और उनकी मां को गाली देने के मामले में असम में कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने शुक्रवार को गुवाहाटी में कहा- बिहार में कांग्रेस ने पीएम मोदी की मां को अपशब्द कहे। इनके दूषित प्रयास को देखकर मुझे मालूम है, इन्हें जनता का समर्थन नहीं है। शाह ने कहा- मोदीजी की माताजी का जीवन गरीब घर में अपनी सभी संतानों को संस्कारी करके बड़ा करने में बीता। उनका बेटा पूरे विश्व में ख्याति पा रहा है। राहुल गांधी को थोड़ी भी शर्म है, तो मोदी जी और उनकी दिवंगत मां के लिए कहे गए अपशब्दों पर माफी मांगें। अमित शाह असम के दो दिवसीय दौरे पर हैं, वे राजभवन के नवनिर्मित ब्रह्मपुत्र विंग समेत कई प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन करने पहुंचे थे। शाह ने कहा कि भारत की राजनीति में, कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने जिस प्रकार से घृणा और तिरस्कार की नकारात्मक राजनीति की शुरूआत की है, उसका निम्न स्तर का एक प्रदर्शन उनकी घुसपैठिया बचाओ यात्रा में देखने को मिला। यात्रा में राहुल गांधी के स्वागत के मंच से नरेंद्र मोदी जी की स्वर्गीय माताजी के लिए अपशब्द बोलकर सबसे घृणित काम किया है। उन्होंने कहा कि मैं आज इस मंच से राहुल जी ने जिस प्रकार से घृणा की राजनीति शुरू की है उसकी और पीएम मोदी की स्व. माताजी के लिए जो अपशब्द कहे गए, उसकी हृदय से निंदा करता हूं। मैं देश को कहना चाहता हूं कि वो हमारे सार्वजनिक जीवन को ऊंचाई नहीं देगी, गर्त में ले जाएगी। ये आज से नहीं मोदीजी जब से पीएम बने तब से सोनिया जी, राहुल जी, मणिशंकर अय्यर, जयराम रमेश, दिग्विजिय सिंह, रेणुका चौधरी हर कांग्रेस नेता ने मोदी जी के लिए अपशब्द कहे। कोई मौत का सौदागर कहता है, कोई जहरीला सांप कहता है, कोई नीच आदमी कहते हैं, कोई रावण कहता है, कोई भस्मासुर बताता है, कोई वायरस बताता है।



# बिहार में अभी 3 लाख और वोटरों के कटेंगे नाम, चुनाव आयोग इन लोगों को भेज रहा नोटिस

**पटना, 29 अगस्त (एजेंसी)।** बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले वोटर लिस्ट से 3 लाख मतदाताओं के नाम और कटने की कगार पर हैं। चुनाव आयोग इन वोटरों को नोटिस भेजेगा। इन मतदाताओं ने वोटर लिस्ट के विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत दावा-आपत्ति के दौरान जरूरी दस्तावेज जमा नहीं कराए थे। ऐसे वोटरों से उनकी नागरिकता की पहचान स्थापित करने को कहा जाएगा। ऐसा नहीं करने पर उनके नाम फाइनल वोटर लिस्ट में शामिल नहीं किए जाएंगे और वे आगामी विधानसभा चुनाव में वोट नहीं डाल पाएंगे। इससे पहले एसआईआर के तहत आयोग ने बिहार में करीब 65 लाख मृत, डुप्लीकेट और अन्य जगहों पर शिफ्ट हुए मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से हटाए थे। निर्वाचन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिन मतदाताओं ने दावा-आपत्ति के दौरान दस्तावेज जमा नहीं कराए हैं, उन्हें विभिन्न जिलों में नोटिस जारी करने की प्रक्रिया शुरू भी कर दी गई है। ऐसे वोटर की संख्या लगभग 3 लाख बताई जा रही है। इनमें बड़ी संख्या में बिहार के सीमावर्ती जिलों के मतदाता भी शामिल हैं। चुनाव आयोग ने किशनगंज, पूर्णिया, अररिया, सहरसा, मधुबनी, पश्चिमी चंपारण के अतिरिक्त अन्य जिलों में ऐसे करीब 3 लाख मतदाताओं को चिह्नित किया है जिन्होंने सत्यापन के दौरान अपने जरूरी दस्तावेज जमा नहीं कराए। सूत्रों ने बताया कि इन जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम की निगरानी में नोटिस भेजा जाएगा। आयोग द्वारा चलाए जा रहे एसआईआर अभियान के दौरान ये वोटर संदिग्ध हैं। इधर, सुप्रीम कोर्ट के अंतरिम आदेश पर चुनाव आयोग ने सभी 65 लाख छूटे हुए मतदाताओं के नाम कारण सहित सभी बूथों, प्रखंड, जिला कार्यालयों पर प्रकाशित किया है। इसके साथ ही, शीर्ष अदालत के आदेश पर ही, राज्य में आधार पंजीकरण को भी आवश्यक दस्तावेज में शामिल किया गया है।






## अमेरिका में सड़क पर 'गतका' कर रहा था सिख, पुलिस ने मारी गोली, मचा हड़कंप

**लॉस एंजिल्स, 29 अगस्त (एजेंसी)।** लॉस एंजिल्स पुलिस ने 36 साल के एक सिख व्यक्ति को बीच सड़क पर गोली मार दी गई। मृतक की पहचान गुरप्रीत सिंह के रूप में हुई है। लॉस एंजिल्स पुलिस विभाग द्वारा जारी फुटेज के अनुसार, गुरप्रीत सिंह सिखों के पारंपरिक मार्शल आर्ट 'गतका' का प्रदर्शन कर रहा था। पुलिस ने बताया कि वह लॉस एंजिल्स शहर के क्रिप्टो.कॉम एरिना के पास एक कुल्हाड़ी लेकर घूम रहा था। पुलिस की बात मानने से इनकार करने और पुलिस पर हमला करने की कोशिश करने पर उसे गोली मार दी गई। बाद में उस कुल्हाड़ी की पहचान "खंडा" के रूप में हुई है, जो भारतीय मार्शल आर्ट में इस्तेमाल की जाने वाली एक दोधारी तलवार है। यह घटना 13 जुलाई की है, जब लॉस एंजिल्स पुलिस डिपार्टमेंट को 911 पर कई कॉल प्राप्त हुई। इनमें बताया गया कि एक व्यक्ति फिगेरोआ स्ट्रीट और ओलंपिक बुलेवार्ड के व्यस्त चौराहे पर राहगीरों पर एक बड़ा ब्लेड घुमा रहा है। पुलिस ने यह भी बताया कि सिंह ने अपनी गाड़ी बीच सड़क पर छोड़ दी और एक बार अपनी जीभ भी काटने की कोशिश की। पुलिस ने कहा, "अधिकारियों ने सिंह को हथियार छोड़ने के लिए कई बार आदेश दिए।" साथ ही उन्होंने बताया कि पुलिस जब उसके पास पहुंची, तो उसने उन पर एक बोतल फेंकी और मौके से भागने की कोशिश की। पुलिस उसका पीछा कर रही थी और वह बेतरतीब ढंग से गाड़ी चला रहा था। आखिरकार एक अन्य पुलिस वाहन से टकराने के बाद वह फिगेरोआ और 12वीं स्ट्रीट के पास रुक गया। फिर उसने उन पर चाकू से हमला कर दिया, जिसके बाद उसे गोली मार दी गई।



### विदेशी मुद्रा भंडार 4.386 अरब डॉलर घटा

**मुंबई, 29 अगस्त (वार्ता)** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 22 अगस्त को समाप्त सप्ताह में 4.386 अरब डॉलर घटकर 690.72 अरब डॉलर रह गया। इससे पहले, 15 अगस्त को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा का देश का भंडार 1.488 अरब डॉलर बढ़कर 695.106 अरब डॉलर रहा था। विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति में 22 अगस्त को समाप्त सप्ताह के दौरान 3.652 अरब डॉलर की गिरावट रही और यह 582.251 अरब डॉलर पर रहा। स्वर्ण भंडार भी 66.5 करोड़ डॉलर घटकर 85.003 अरब डॉलर रह गया। विशेष आहरण अधिकार में 4.6 करोड़ डॉलर और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि में 2.3 करोड़ डॉलर की गिरावट रही और ये क्रमशः 18.736 अरब डॉलर और 4.731 अरब डॉलर पर रहे। विदेशी मुद्रा भंडार के मामले में चीन, जापान और स्विटजरलैंड के बाद भारत चौथे स्थान पर है। मजबूत विदेशी मुद्रा भंडार से देश को आयात बिल के भुगतान में आसानी होती है। साथ ही रुपये में ज्यादा गिरावट की स्थिति में रिजर्व बैंक के पास हस्तक्षेप का भी मौका होता है।

# जयंत चौधरी ने वैष्णो देवी हादसे के पीड़ित के अंतिम संस्कार में हिस्सा लिया

मुजफ्फरनगर, 29 अगस्त (बु.)। राष्ट्रीय लोक दल के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने शुक्रवार को मुजफ्फरनगर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने वैष्णो देवी हादसे में जान गंवाने वाले शहर के कार्तिक के अंतिम संस्कार में हिस्सा लिया और उनके शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। कार्तिक, जो कुछ दिन पहले जम्मू में माता वैष्णो देवी के दर्शन करने गए थे, दुर्भाग्यपूर्ण हादसे का शिकार हो गए थे। उनकी आकस्मिक मृत्यु से पूरा शहर शोक में डूबा है। जयंत चौधरी ने शहर में पहुंचते ही सबसे पहले कार्तिक के घर जाकर उनके परिवार से मुलाकात की। उन्होंने दुख की इस घड़ी में परिवार को ढांढस बंधाया और हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इसके बाद, वे कार्तिक की अंतिम यात्रा में शामिल हुए। इस दौरान केंद्रीय मंत्री के साथ, रालोद के कई वरिष्ठ नेता और स्थानीय पदाधिकारी भी मौजूद थे। जयंत चौधरी ने कहा कि "यह दुःखद घटना है और इस घड़ी में वह पीड़ित परिवार के साथ खड़े हैं। उन्होंने आगे कहा कि केंद्र सरकार इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए जरूरी कदम उठा रही है।"





### कंगन बनाने के नाम पर 5.45 लाख रुपए हड़पने का लगाया आरोप, मामला दर्ज

**मुजफ्फरनगर, 29 अगस्त (बु)।** नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला भरतिया कॉलोनी निवासी सर्राफ पर एक व्यक्ति ने कंगन बनाने के नाम पर 5.45 लाख रुपए हडपने का आरोप लगाया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पटेल नगर निवासी वरुण चौधरी ने नई मंडी कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि भरतिया कॉलोनी निवासी दीपक वर्मा अपने घर पर ही सर्राफ की दुकान है। आरोप है कि वह ग्राहक के सामने ही सोना पिंघलाकर कंगन बनाता है। विश्वास होने पर उसने पत्नी के कंगन बनाने के लिए अलग अलग तारीखों में सर्राफ के खाते में 5.93 लाख रुपये ट्रांसफर किए। आरोप है कि सर्राफ ने उसे कंगन बनाकर नही दिए। तकाजा करने पर आरोपी ने साढे 48 हजार रुपये वापस किए। बाकी की रकम को सर्राफ ने हड़प लिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की ली है।

# पीसीएस अफसर की लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर हादसे में मौत, क्रेटा कार पीछे से बस में घुसी

**आगरा, 29 अगस्त (एजेंसी)।** आगरा के एडिशनल सिटी मजिस्ट्रेट राजेश जायसवाल (56) की मैनपुरी में सड़क हादसे में मौत हो गई। पीसीएस अफसर लखनऊ से क्रेटा कार से आगरा जा रहे थे। इसी दौरान कार को पीछे से आई रोडवेज बस ने ओवरटेक कर कट मार दिया, जिससे कार का बोनट पिछले हिस्से में टकराकर बस में घुस गया। कार का अगला हिस्सा बुरी तरह डैमेज हो गया। हादसा लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर माइल स्टोन-77 के पास शुक्रवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे हुआ। हादसे के बाद एक्सप्रेस-वे से गुजर रहे एक राहगीर ने यूपीडा कंट्रोल रूम लखनऊ फोन कर जानकारी दी। इसके बाद यूपीडा की टीम मौके पर पहुंची। एसीएम और उनके ड्राइवर को सैफई अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने एसीएम को मृत घोषित कर दिया। ड्राइवर को इलाज के बाद छोड़ दिया गया। टक्कर से कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस जांच में सामने आया कि राजेश जायसवाल पीछे की सीट पर बैठे थे। हादसे के बाद आगे और पीछे की सीट के बीच दब गए थे। हादसे के बाद बस चालक फरार हो गया। पीसीएस अफसर राजेश जायसवाल मूल रूप से देवरिया के रहने वाले थे। परिवार लखनऊ में रहता है, जबकि वे खुद आगरा डीएम कंपाउंड के अंदर रहते थे। राजेश कामकाज के सिलसिले में अक्सर लखनऊ आते-जाते थे। वे आगरा की किरावली तहसील में एसडीएम रह चुके थे। एसीएम के ड्राइवर पंकज कुमार शर्मा ने बताया- हमारी कार करहल के पास ओवरटेक लेन पर थी, तभी रोडवेज बस मेरे पीछे से आई और चालक अचानक गाड़ी को मेरी लेन पर ले आया। जिससे उसका पिछला हिस्सा कार के बोनट से टकरा गया। हमने भी ब्रेक लगाया और बस वाले ने भी ब्रेक लगाया। इससे हमारी कार का बैलेंस बिगड़ा। गाड़ी किसी तरह डिवाइडर के सहारे रोकी। गाड़ी बुरी तरह से डैमेज हो गई। कुछ लोग आए तो उन्होंने मुझे गेट खोलकर निकाला। फिर साहब को निकाला। चालक ने बताया- साहब उस समय ठीक थे। मैंने साहब की बात उनकी पत्नी से करवाई थी। उन्होंने बात भी की थी। उसके बाद यूपीडा की टीम पहुंची और एम्बुलेंस से साहब को सैफई लाया गया, यहां डॉक्टरों ने उन्हें आईसीयू में शिफ्ट कर दिया। उसके बाद उनकी डेथ हो गई।



## मथुरा में 7 साल की मासूम पर खूंखार कुत्तों ने किया जानलेवा हमला, मुश्किल से बची जान

**मथुरा, 29 अगस्त (एजेंसी)।** आवारा कुत्तों के झुंड ने गुरुवार सुबह घर के बाहर खेल रही सात वर्ष की मासूम को बुरी तरह जख्मी कर दिया। बच्ची पर कुत्तों के झुंड ने हमला बोला और जमीन पर गिराकर सिर से लेकर पांव तक नोंच डाला। बच्ची की चीख सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने कुत्तों को भगाया। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। स्वजन बच्ची को अस्पताल ले गए। उमेश चौधरी की सात वर्षीय बेटी सृष्टि बच्चों के साथ खेल रही थी। खेलते-खेलते वह थोड़ी दूर चली गई। वहां मौजूद आवारा कुत्तों के झुंड ने उस पर हमला बोल दिया। बच्ची घर की तरफ भागी, लेकिन पहुंचने से पहले ही कुत्तों ने उसे जमीन पर गिरा लिया। एक कुत्ते ने सिर तो दो कुत्तों ने पैरों पर काटना शुरू किया। कुत्तों के हमले से बच्ची के शरीर पर कई जगह गहरे घाव हो गए। बच्ची के चीखने की आवाज सुनकर आसपास के युवक डंडे लेकर दौड़े और कुत्तों को बड़ी मुश्किल से भगाया। चिकित्सक बच्ची के उपचार में जुटे हैं। पीड़ित पिता ने कहा कि इससे पहले भी कई बार आवारा कुत्ते राहगीरों, बच्चों और बुजुर्गों पर हमला कर चुके हैं। नगर आयुक्त जग प्रवेश ने बताया कि एक से 27 अगस्त तक 907 कुत्तों की नसबंदी करा दी गई। इनमें 506 नर व 401 मादा हैं। नगर निगम द्वारा अब तक चलाए गए अभियान में 11,213 कुत्तों की नसबंदी व एंटी रेबीज वैक्सीनेशन किया जा चुका है। पुराना गोकुल घाट पर एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर (एबीसी) शुरू कर दिया है। इसमें 130 खूंखार कुत्ते रखे जाएंगे।



### दिल्ली से श्रीनगर के लिए उड़े विमान में तकनीकी खराबी, सुरक्षित लैंडिंग

**श्रीनगर 29 अगस्त (वार्ता)** शुक्रवार को दिल्ली से श्रीनगर के लिए उड़े स्पाइसजेट के एक विमान में दबाव संबंधी तकनीकी समस्या आने के कारण अफरातफरी मच गयी। हालांकि विमान को सुरक्षित श्रीनगर हवाई अड्डे पर उतार लिया गया है। श्रीनगर हवाई अड्डे के एक अधिकारी ने बताया कि विमान एसजी 385 को अपराह्न 3:27 बजे सुरक्षित श्रीनगर अड्डे पर उतार लिया गया। उन्होंने बताया कि विमान में सात विमान कर्मचारियों के अलावा 210 यात्री थे सवार थे और किसी को भी चिकित्सा सहायता की जरूरत नहीं पड़ी। स्पाइसजेट के एक प्रवक्ता ने बताया कि श्रीनगर हवाई अड्डे पर लैंडिंग से पहले विमान अचानक बहुत तेजी से नीचे आया और इसके बाद केबिन में दबाव कम हो गया। इससे कम दबाव की चेतावनी सक्रिय हो गई, जिसके बाद चालक दल के सदस्यों ने मानक संचालन प्रक्रिया के अनुरूप सभी जांच पूरे किए।

# आरएसएस को लेकर कांग्रेस नेता अजय राय का बड़ा बयान, बोले- संघ में रं**वों की फौज भरी

**वाराणसी, 29 अगस्त (एजेंसी)।** यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने आरएसएस को लेकर बड़ा विवादित बयान दिया। शुक्रवार को वाराणसी में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा-आरएसएस में नीचे से ऊपर तक रं**वों की फौज भरी हुई है। राय ने कहा- संघ प्रमुख पहले खुद शादी करें। इसके साथ ही दिशा-निर्देश जारी करें कि आरएसएस के लोग भी तत्काल शादी करें और बच्चे पैदा करें। आरएसएस में तो महिलाएं हैं ही नहीं। उनका सम्मान भी नहीं होता है। दरअसल, मोहन भागवत ने गुरूवार को दिल्ली में कहा था-परिवारों में तीन बच्चे होने चाहिए, लेकिन इससे अधिक नहीं। इससे संतुलन बनाए रखने और समुचित विकास सुनिश्चित करने में मदद मिलती है। अभी जन्म दर में गिरावट आ रही है और हिंदुओं में यह गिरावट तेजी से बढ़ रही है। मोहन भागवत ने यह भी कहा था- मैंने यह नहीं कहा कि मैं रिटायर हो जाऊंगा या किसी और को रिटायर हो जाना चाहिए। मैं 80 की उम्र में भी शाखा लगाऊंगा। हम किसी भी समय रिटायर होने के लिए तैयार हैं। संघ हमसे जिस भी समय तक काम कराना चाहेगा, हम काम करने के लिए तैयार हैं। संघ प्रमुख के इस बयान पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने बिना नाम लिए पलटवार किया। उन्होंने शुक्रवार को एक्स पर लिखा- रिटायर होऊंगा, न होने दूंगा। जब अपनी बारी आई तो नियम बदल दिए। ये दोहरापन अच्छा नहीं। अपनी बात से पलटने वालों पर पराया तो क्या, कोई अपना भी विश्वास नहीं करता है, जो विश्वास खो देते हैं, वो राज खो देते हैं। इससे 3 महीने पहले वाराणसी में कहा था- जो नरेंद्र मोदी अपनी पत्नी जशोदा बेन के सिंदूर की हिफाजत नहीं कर पाए, वह आपरेशन सिंदूर की बात कर रहे हैं। सेना के कामों का श्रेय अपना पोस्टर लगाकर ले रहे हैं। उनके मुंह से ऐसी बाते शोभा नही देतीं।

**4 मई, 2025** कहा था- जब सरकार ने राफेल खरीदा था, तब रक्षा मंत्री ने उसमें नीबू-मिर्च बांध दिया था। क्या यह राफेल नींबू मिर्च बांधने के लिए आया है? आखिर कब राफेल से नींबू हटेगा और कब यह अपना काम करेगा। इस बारे में जनता जानना चाहती है।

**18 अगस्त, 2025** को बलिया में कहा था- चुनाव आयोग की वेबसाइट बंद करके मोदी को जिताया गया। मैं 7 राउंड तक आगे चल रहा था। दोपहर 1 बजे तक वेबसाइट बंद की गई। शाम 5 बजे अचानक यह घोषित कर दिया गया कि मोदी जीत गए है।



## भाजपा नेता की हत्या, शव तालाब में खूंटे से गाड़ा, हरदोई में 9 दिन से थे लापता

**हरदोई, 29 अगस्त (एजेंसी)।** हरदोई में भाजपा बूथ अध्यक्ष शैलेंद्र उर्फ गौरी शंकर (33) की हत्या कर दी गई। वारदात के बाद शव को तालाब में खूंटे से बांध दिया गया, ताकि वह ऊपर न आ पाए। भाजपा नेता 9 दिन से लापता थे। शुक्रवार सुबह करीब 11:30 बजे ग्रामीण सिंघाड़े में नाव से दवा डालने तालाब में उतरे। इस दौरान नाव एक कपड़े में फंस गई। जब उन्होंने कपड़े को जोर लगाकर खींचा तो शैलेंद्र का शव बाहर आ गया। गांव वालों की सूचना पर पुलिस पहुंची। शव को निकालने के लिए गोताखोरों को बुलाया गया। भाजपा नेता के परिजनों को भी सूचना दी गई। परिजनों ने कपड़ों से भाजपा नेता की पहचान की। इसी बीच, गोताखोर शव को निकालने के लिए तालाब में उतरे, लेकिन परिजनों ने इसका विरोध कर दिया। इधर, मौत की सूचना पर शैलेंद्र की पत्नी पहुंच गई। पति की लाश देखकर भड़क गई। उसने दौड़कर कोतवाल की वर्दी तक नोच ली। बवाल बढ़ता देख आसपास के थानों की फोर्स बुलाई गई। एएसपी मौके पर पहुंचे। पूरे दिन हंगामा होता रहा। शाम को पौने छह बजे शव को तालाब से बाहर निकाला गया। शिनाख्त के बाद पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। 21 अगस्त को शैलेंद्र की बीयर की दुकान पर कुछ युवकों से मारपीट हुई थी। इसका सीसीटीवी सामने आया था। इसके बाद से वह घर नहीं पहुंचे, यानी तब से लापता थे। परिजनों ने अपहरण और हत्या की आशंका जताते हुए 4 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। वारदात जिला मुख्यालय से 36 किमी दूर शाहबाद कोतवाली के निहालगंज गांव की है। बीयर बार में हुआ था झगड़ा निहालगंज के रहने वाले रामलाल के बेटे शैलेंद्र उर्फ गौरीशंकर शाहबाद में भाजपा के बूथ अध्यक्ष थे। 21 अगस्त की रात 10 बजे वह घर से निकले थे। घर से कुछ दूरी पर बड़ी बाजार में बीयर बार में उनकी पवन भारद्वाज नाम के एक युवक और उसके साथियों से विवाद हो गया था। विवाद किस बात पर हुआ था, ये क्लियर नहीं हो पाया। दुकान मालिक की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को शांत कराया। जब काफी देर तक शैलेंद्र घर नहीं लौटे तो परिवार ने फोन किया, लेकिन उनका नंबर स्विच ऑफ हो गया।